दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...




नई दिल्ली। बुधवार 27 नवंबर-2024 | वर्ष: 9 अंक: 334 पेज-08 | RNI NO. DELHI/2015/65364 | मूल्य: 3

## मैं भी संभल जाऊंगा, क्यों रोका जा रहा : अखिलेश



**सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जामा मस्जिद में दोबारा सर्वे का काम क्यों किया? उन्होंने कहा कि मैं भी संभल जाऊंगा। संभल जाने से क्यों रोका जा रहा है। हम संभल का हाल जानना चाहते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि संभल में न्याय नहीं मिल रहा है।**

**लखनऊ।** दिल्ली में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संभल हिंसा पर एक बार फिर सवाल उठाए हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जामा मस्जिद में दोबारा सर्वे का काम क्यों किया? उन्होंने कहा कि मैं भी संभल जाऊंगा। संभल जाने से क्यों रोका जा रहा है। संभल का हाल जानना चाहते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि संभल में न्याय नहीं मिल रहा है। हम संविधान का सम्मान करते हैं। हम संविधान का उत्सव कैसे मनाएं? उत्सव ढोंग नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान को नहीं मानती है। यूपी में वोट की लूट हुई। आपको बता दें कि आज समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल संभल नहीं जाएगा। तीन दिन तक जाने की इजाजत नहीं मिली है। डीजीपी से तीन दिन तक जाने की इजाजत नहीं मिली है।

इस दौरान सपा के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि संविधान दिवस के लिए सभी को बधाई। सच्चा उत्सव तभी है जब सब संविधान के रास्ते पर चले। संविधान के रास्ते पर चलकर सच्चा उत्सव मना सकते हैं।

हम सब सच्चे समाजवादी संविधानवादी लोग हैं। हम वो समाजवादी नहीं जो संविधान को कोरा कागज समझते हो...और संविधान का उत्सव उस समय मनाना जब संभल में कई जाने चली गई हों, गम के माहौल में कैसे उत्सव मनाया जा सकता है और उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है..पूरी गलती जो है वो सरकार की है..वहां पर कोई जा भी नहीं सकता है, ये भाजपा के वो लोग हैं जो संविधान से नहीं चलते.. संभल घटना पर समाजवादी पार्टी के सांसद राम गोपाल यादव ने कहा कि अगर किसी को न्याय नहीं मिलेगा तो वो क्या करेगा? अगर किसी व्यक्ति को न्याय नहीं मिलेगा तो वो कुछ न कुछ करेगा...संभल में प्रशासन जो भी कर रहा है, वो 100% गलत है. प्रशासन ने जानबूझकर वहां अशांति फैलाई है। अगर प्रशासन इजाजत दे तो हमारा प्रतिनिधिमंडल वहां जाएगा...हम संसद में संभल का मुद्दा उठाएंगे, ये हमारी प्राथमिकता है और हम इसे छोड़ेंगे नहीं।

### लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के लैटर से हुआ स्पष्ट

# हर वर्ष हिंडन एयरपोर्ट से हो रहा सरकार को 60 करोड़ का घाटा




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिस हिंडन एयरपोर्ट का उद्घाटन करने वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आए थे, जिस एयरपोर्ट के बारे में ये कहा गया था कि यहां से इलाहाबाद और पिठोरागढ़ की उड़ान शुरू होगी वह एयरपोर्ट अब खाली पड़ा है, वहां से कोई उड़ान शुरू नहीं हो रही है और इस मामले में नया मोड़ तब आ गया जब सांसद अतुल गर्ग ने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष विपिन कुमार को पत्र लिया। उन्हें बताया कि कहां कमी है और ये भी बताया कि इस एयरपोर्ट से अब तक 300 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है और लगभग 60 करोड़ रुपए हर साल सरकार के खजाने से जा रहे हैं। सांसद अतुल गर्ग यहीं नहीं रुके और उन्होंने नई दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से मुलाकात की। उन्हें अवगत कराया कि इस हवाई अड्डे को प्रति वर्ष 60 करोड़ का नुकसान हो रहा है। सांसद अतुल गर्ग ने जो लेटर एयरपोर्ट अथॉरिटी अध्यक्ष को लिखा उस लेटर में उन्होंने कई तकनीकी बातों का उल्लेख किया है और ये भी कह दिया है कि मैं इस लोकसभा क्षेत्र का सांसद हूं और क्षेत्र के मतदाताओं को इस विषय पर मेरी जवादेही है।



### सांसद ने कहा गाजियाबाद ग्रीन फील्ड में नहीं ब्राउन फील्ड क्षेत्र में आता है

सांसद अतुल गर्ग ने एयरपोर्ट अथॉरिटी के अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा कि आपकी जानकारी के लिये यह भी बताना आवश्यक समझता हूं कि डायर के साथ एविएशन मंत्रालय द्वारा की गई संविदा में दिल्ली से डेढ सौ किलोमीटर तक ग्रीन फील्ड में कोई एयरपोर्ट ना बनाने का प्रावधान है। परंतु गाजियाबाद ग्रीन फील्ड में ना होकर ब्राउन फील्ड क्षेत्र में आता है। इस संविदा के अनुसार फर्स्ट राइट ऑफ रिफ्यूजरल डायल के पास सुरक्षित है। परंतु यह अधिकार केवल उस दशा में ही है जब डायल द्वारा बिड एल वन से दस प्रतिशत के अंदर की जाती है। आपके पत्र में संलग्न एडिशनल सॉलिसीटर जनरल की राय से यह प्रतीत होता है कि डायल से इस एयरपोर्ट को लेकर किसी प्रकार की कोई बिड एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा आहूत ही नहीं की गई।

### अगर एयरपोर्ट अथॉरिटी ने कोई बिड की है आहूत तो दिखाए उसका सबूत

सांसद अतुल गर्ग अपने लोकसभा क्षेत्र में सरकार के खजाने से हर साल लग रहे 60 करोड़ की चपत से नाराज हैं। उन्होंने एयरपोर्ट अथॉरिटी को लिखे पत्र में कहा कि अगर अथॉरिटी द्वारा कोई बिड आहूत की गई है तो उसका विवरण उपलब्ध कराएं। डायल तथा एमओसीए के बीच हुए एग्रीमेंट की कॉपी भी सांसद को दी जाए। सांसद अतुल गर्ग ने अपने पत्र में लिखा कि जब मैंने एमओसीए के द्वारा हिंडन एयरपोर्ट से उड़ान की जानकारी ली तो मुझे बताया कि सप्ताह में इस एयरपोर्ट से 66 उड़ाने संचालित हो रही हैं। अगर ये उड़ाने हैं तो इसकी विस्तृत जानकारी दी जाए और एयर इंडिया एक्सप्रेस को एयरपोर्ट से उड़ाना शुरू करने के लिये जारी किए गए पत्र की कॉपी भी उपलब्ध कराई जाए।

### जब एयरपोर्ट है तैयार तो फिर क्यों हो रही है 60 करोड़ रुपए हर साल हानि

सांसद अतुल गर्ग ने अब हिंडन एयरपोर्ट को अपने रडार पर ले लिया है। उनका पत्र बता रहा है कि सांसद के पास हर चीज की अपडेट जानकारी है। उन्होंने एयरपोर्ट अथॉरिटी के अध्यक्ष को जो पत्र लिखा उसमें साफ कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत की आम जनता को सस्ती एवं सुलभ हवाई यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गाजियाबाद में इस एयरपोर्ट की स्थापना की गई थी और उन्होंने इसका शुभारंभ किया था। लगभग पांच साल के बाद भी आज तक इस एयरपोर्ट से सुचारू रूप से कॉमर्शियल उड़ाने शुरू नहीं की जा सकी। जिससे आसपास की जनता खासतौर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र जिनको इस एयरपोर्ट का लाभ मिलने वाला है वो इस लाभ से वंचित हैं। इस एयरपोर्ट का पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार है, लेकिन जब उड़ान ही शुरू नहीं हो रही तो फिर लगभग 60 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष की हानी सरकार को रही है।

### केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से की मुलाकात और रखी बात



लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने नई दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से मुलाकात की। सांसद अतुल गर्ग ने अपने संसदीय क्षेत्र गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से हवाई सेवा शुरू कराने का आग्रह किया। सांसद अतुल गर्ग ने उड्डयन मंत्री को अवगत कराया कि जीएमआर कंपनी की किसी प्रकार की कोई रोक नहीं है। प्रतिवर्ष हवाई अड्डे को 60 करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने पूरी समस्या को संज्ञान में लेकर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही के आदेश दिये और कहा कि अतिशीघ्र इसका निस्तारण किया जाएगा।

### एयर इंडिया एक्सप्रेस से लेकर डायल द्वारा दायर याचिका पत्र में किया उल्लेख

सांसद अतुल गर्ग ने एयरपोर्ट अथॉरिटी के अध्यक्ष को लिखे पत्र में तीस अक्टूबर के पत्र का भी हवाला दिया है और कहा है कि आपने मुझे ये पत्र 24 अक्टूबर का संदर्भ लेते हुए लिखा है। आपके द्वारा मुझे बताया गया है कि एयर इंडिया एक्सप्रेस को हिंडन हवाई अड्डे से अतिशीघ्र उड़ान संचालित करने का निर्देश दे दिया है परंतु मेरी जानकारी के अनुसार अभी तक इस दिशा में कोई प्रगति नहीं हुई है और ना ही एयर इंडिया एक्सप्रेस के द्वारा इस विषय में कोई प्रभावी कदम उठाए गए हैं। जिससे यह प्रतीत हो कि उक्त एयरपोर्ट से उड़ाने शीघ्र ही आरंभी की जा सके। सांसद अतुल गर्ग ने अपने पत्र में एयरपोर्ट अथॉरिटी के अध्यक्ष का ध्यान इस ओर भी दिलाया है कि डायल द्वारा दिल्ली हाईकोर्ट में दायर याचिका में इस प्रकार का कोई निर्देश न्यायालय की ओर से नहीं दिया गया। जिसमें हिंडन एयरपोर्ट से कॉमर्शियल उड़ाने आरंभ ना की जा सके।

### मैं हूं क्षेत्र का सांसद और जनता को मुझे देना है जवाब

लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने एयरपोर्ट अथॉरिटी इंडिया के अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा कि क्षेत्र का सांसद होने के कारण मेरे लिये यह अतिचिंता का विषय है क्योंकि एक तो जनता को प्रधानमंत्री महोदय के सपने अनुसार सस्ती उड़ानों का लाभ नहीं मिल पा रहा है वहीं क्षेत्र के मतदाताओं को इस विषय में मेरी जवाबदेही है। वर्तमान परिस्थितियों के चलते मैं प्रभावशाली ढंग से उत्तर देने में अपने आपको असमर्थ पाता हूं।

# अगर बचना है साइबर ठगों से, तो पहले देखनी होगी फिल्म

## जल्द शहर के मल्टीप्लेक्स में दी जाएगी टेली फिल्म के जरिए सुरक्षा टिप्स

### - साइबर सेल गाजियाबाद बना रही है प्लान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दिल्ली-एनसीआर में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में भी साइबर फ्रॉड लोगों को अपने जाल में फंसने के नए-नए पैतरे अपना रहे हैं। लोगों को साइबर ठगी से बचने और उन्हें सुरक्षित रखने के लिए साइबर सेल गाजियाबाद जल्द ही गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले सभी मल्टीप्लेक्स में साइबर दोस्त एप के संदेशों, टेली फिल्म चलाकर लोगों को साइबर अपराध के प्रति सतर्क करने का काम करेंगा। इसके साथ ही स्कूल, कॉलेजों, सोसायटियों, सरकारी कार्यालयों, मीडिया हाउस, मल्टीनेशनल कंपनी के कार्यालयों में भी साइबर दोस्त एप से लोगों को जोड़ने के लिए अभियान चलाया जाएगा। एडीसीपी क्राइम व साइबर के नोडल अधिकारी सच्चिदानंद ने बताया है कि साइबर क्राइम बहुत तेजी से बढ़ रहा है और साइबर ठग नए-नए तरीके से लोगों को ठगते हैं। इसीलिए यह अभियान और कार्यक्रम चलाया जाएगा।




### शॉर्ट फिल्में बताएगी क्या करें और कैसे बचें

**करंट क्राइम :** गाजियाबाद में साइबर थाना भी है और साइबर थाने के द्वारा भी समय-समय पर अलग-अलग सोसायटियों, स्कूलों और कंपनियों में लोगों को साइबर अपराध से सतर्क करने के लिए जागरूकता क्लास दी जा रही है। तो वहीं साइबर थाने में भी 50 लोगों को एक साथ साइबर फ्रॉड से बचने की टिप्स देने का प्रबंध है। इसके साथ ही अपनी अलर्टनेट आपको डिजिटल अरेस्ट से खुद को बचा सकती है। थोड़ी सी सावधानी और सतर्कता के जरिए आप खुद को स्कैमर्स के चंगुल से बचा सकते हैं। इसके लिए आपको किसी भी अनजान फोन कॉल को एंटरटेन न करें। साइबर फ्रॉड आपकी जानकारी को आपके ही खिलाफ इस्तेमाल करते हैं, अगर आपने कुछ आपत्तिजनक या गलत नहीं किया है तो डरे नहीं।

### डिजिटल अरेस्ट का शिकार होने से कैसे बचें

करंट क्राइम : अज्ञात नंबरों या खुद को ईडी या पुलिस अधिकारी बताकर फोन कॉल करने वालों से सावधान रहें। कभी भी किसी के साथ व्यक्तिगत जानकारी या बैंक डिटेल साझा न करें। गिरफ्तारी या कानूनी कार्रवाई की धमकी मिलने पर कभी भी घबराएं नहीं। किसी भी अननोन सोर्स के जरिए आए हुए मैसेज या कॉल को रिसीव न करें।

### फ्रॉड का शिकार हो जाएं तो यह करें

- सबसे पहले तो धबराएं नहीं, ऐसे संदिग्ध कॉल या मैसेज को तुरंत रिपोर्ट करें।
- आप साइबर क्राइम पोर्टल पर इसकी शिकायत ऑनलाइन कर सकते हैं।
- आप हेल्पलाइन नंबर 1930 के जरिए भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।
- लोकल थाने व साइबर सेल पर शिकायत दें।

### लोकसभा कहानी में आ गया ट्विस्ट...

## सांसद अतुल गर्ग हो रहे हैं दिल्ली शिफ्ट

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग अब राष्ट्रीय राजनीति का चेहरा बन चुके हैं। वो उन चेहरों में शुमार हो चुके हैं जिन्हें सरकार से लेकर संगठन तक पसंद किया जाता है। सदस्यता अभियान की राष्ट्रीय समिति में अतुल गर्ग हैं और दिल्ली में चुनाव होना है तो यहां दिल्ली प्रदेश के सहप्रभारी अतुल गर्ग हैं। बिहार से लेकर चंडीगढ़ तक अतुल गर्ग हैं। अतुल गर्ग अब राष्ट्रीय राजनीति की तरफ मूव कर रहे हैं। लोकसभा की कहानी में ट्विस्ट ये है कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग अब दिल्ली शिफ्ट कर रहे हैं। बताया जाता है कि अतुल गर्ग ने दिल्ली में नया ठिकाना भी ढूंढ लिया है। दिल्ली की बीडी मार्ग पर एक सोसायटी के फ्लैट में अतुल गर्ग रहेंगे। सुना है वो अपना सामान भी दिल्ली ले गए हैं। दैनिक करंट क्राइम ने जब इस मामले को लेकर सांसद अतुल गर्ग से बात की तो उन्होंने कहा कि मैं गाजियाबाद से पूरा कनेक्ट रहूंगा और यह भी सत्य है कि मैं दिल्ली शिफ्ट हो रहा हूं। उसका कारण बताते हुए सांसद ने कहा कि क्योंकि उन्हें पार्टी ने दिल्ली प्रदेश का चुनाव सहप्रभारी बनाया है। यह एक बड़ी जिम्मेदारी है और दिल्ली में हमें अधिक मेहनत करनी है। ऐसे में मुझे पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाने के लिये दिल्ली में डेरा डालना पड़ेगा।

यह बात सत्य है कि मैं दिल्ली शिफ्ट हो रहा हूं। यहां पर अतुल गर्ग ने यह भी स्पष्ट किया कि यह स्थायी व्यवस्था नहीं है और संगठन की जिम्मेदारियों को निभाने के लिये मैंने दिल्ली में ठिकाना बनाया है।

### हफ्ते में दो दिन रहूंगा मैं अपने शहर गाजियाबाद



लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि उन्हें गाजियाबाद की जनता ने चुना है, वो गाजियाबाद के लोकसभा सांसद हैं और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी जब भी मुझ जैसे कार्यकर्ता को निर्देश देगी तो मेरा प्रथम कर्तव्य एक कार्यकर्ता के रूप में पार्टी के निर्देशों का पालन करना है। दी गई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता के साथ पूरा करना है। उन्होंने कहा कि अभी विवाह-शादी का सीजन चल रहा है और सामाजिकता का तकाजा है कि मैं गाजियाबाद आ रहा हूं। विवाह समारोह में शामिल हो रहा हूं। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी मैं बता दूं कि मैं हफ्ते में दो दिन गाजियाबाद में ही रहूंगा। मैं भले ही दिल्ली शिफ्ट हो रहा हूं, लेकिन मेरी कनेक्टिविटी पूरी तरह गाजियाबाद से बनी रहेगी।

**'मैं भले ही दिल्ली शिफ्ट हो रहा हूं, लेकिन मेरी कनेक्टिविटी पूरी तरह गाजियाबाद से बनी रहेगी।'**

# आंदोलन वापसी के दिखे साइड इफेक्ट, वकीलों ने फूंका बार अध्यक्ष और सचिव का पुतला

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद कचहरी में मंगलवार से अधिवक्ताओं की हड़ताल खुलनी थी लेकिन बार एसोसिएशन के फैसले का कोर्ट व कचहरी में काम शुरु होते ही विरोध शुरु हो गया है। सुनने में आ रहा है कि बार के अध्यक्ष व सचिव के पास हड़ताल वापसी लेने के विरोध में दर्जनों फोन कॉल व व्हाट्सएप पर संदेश भेजे गए हैं।

जिसमें वकीलों ने बार एसोसिएशन गाजियाबाद के फैसले पर नाराजगी भी जताई है। उधर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा का कहना है कि वरिष्ठ अधिवक्ता धीरेंद्र सिंह की मृत्यु की वजह से मंगलवार को काम नहीं किया गया है।

बुधवार से नियमित काम शुरू करेंगे। यह जानकारी जब अन्य अधिवक्ताओं को हुई तो वह आक्रोर्षित हो गए। उन्होंने टाइपिस्ट के काउंटर बंद कराने शुरू कर दिए। तो वही अधिवक्ताओं के चैंबर भी बंद कराए गए हैं। इस दौरान अधिवक्ताओं ने गाजियाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा और सचिव अमित नेहरा के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। अधिवक्ताओं के नारेबाजी और एकत्रित होने की सूचना जैसे ही कवि नगर थाना पुलिस को मिली तो पुलिस भी कचहरी में आ गई।

वैसे मंगलवार से कचहरी में कामकाज शुरू होना था, इस वजह से भीडभड़ भी ठीकठाक थी। इसके बाद बड़ी संख्या में अधिवक्ता इकट्ठा हुए और उन्होंने बार अध्यक्ष दीपक शर्मा और सचिव अमित नेहरा का पुतला फूंक दिया।

अधिवक्ताओं ने कहा है कि जब तक जिला जज का तबादला नहीं होता है या उनको हटाया नहीं जाता है, तब तक अधिवक्ता अपना आंदोलन जारी रखेंगे। वहीं अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया है कि बार एसोसिएशन गाजियाबाद के पदाधिकारियों ने बिना सभी की राय लिए यह फैसला लिया है।

दूसरी तरफ बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा का कहना है कि जो भी फैसला लिया गया था, उसकी पूर्ण जानकारी अधिवक्ताओं को उपलब्ध कराई गई थी। उधर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को बार एसोसिएशन गाजियाबाद में काम शुरू करने की बात की है, तो अधिवक्ता लगातार पुलिस जिला जज और लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर आंदोलन जारी रहेंगे। बुधवार को भी अधिवक्ताओं के द्वारा विरोध, हंगामे और प्रदर्शन की आशंका बनी हुई है।

## आज भी अधिवक्ताओं का जारी रहेगा विरोध प्रदर्शन





### बार सचिव और अध्यक्ष के खिलाफ वकीलों ने जमकर की नारेबाजी



करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद के बैनर तले बीते लगभग 26 दिनों से गाजियाबाद में हड़ताल चल रही थी। मंगलवार से हड़ताल खोलने का निर्णय लिया गया लेकिन अधिवक्ताओं का विरोध मंगलवार को भी देखने को मिला। उन्होंने अध्यक्ष बार एसोसिएशन और सचिव के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही कचहरी परिसर में दोनों के पुतले भी दहन किए गए हैं। अधिवक्ताओं ने साफ कहा है कि जब तक इस पूरे मामले में पुलिस और जिला जज पर कार्रवाई नहीं होगी, वकील अपना आंदोलन खत्म नहीं करेंगे। मंगलवार को कचहरी में विरोध, प्रदर्शन और बार सचिव-अध्यक्ष का विरोध करने वालों में बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

### फिर हो सकती है अधिवक्ताओं की बड़ी बैठक या सम्मेलन

करंट क्राइम : बार एसोसिएशन व अधिवक्ताओं के साथ ही खुफिया तंत्र से मिली जानकारी के अनुसार जिस तरीके से गाजियाबाद कचहरी में अधिवक्ता दो गुटों में बट गए हैं। बार जहां हड़ताल खत्म करने पर आगे आई है। तो अधिवक्ता लगातार इसका विरोध कर रहे हैं। ऐसे में सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि आने वाले दिनों में अधिवक्ताओं का फिर से कोई बड़ा सम्मेलन या बैठक आयोजित कर एक राय बनाने का विचार चल रहा है। बता दें कि अधिवक्ताओं के आंदोलन को न सिर्फ वर्तमान बार समर्थन कर रही थी बल्कि पूर्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और अध्यक्ष भी प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज करावा कर बल देने का काम कर रहे थे।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान को बताया जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को 'संविधान दिवस' के दिन संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। इस खास मौके पर उन्होंने संविधान को सभी ग्रंथों में सबसे पवित्र ग्रंथ बताया। उन्होंने कहा कि यह संविधान सभा की 15 महिला सदस्यों के योगदान को याद करने का अवसर है। वहीं, यह नेपथ्य में रहकर काम करने वाले लोगों द्वारा दिए गए अमूल्य योगदान को भी याद करने का मौका है। राष्ट्रपति ने कहा, हमारा संविधान सबसे जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज है। यह लोकतंत्र की जननी है और हम इसी भावना के साथ यहां एकत्रित हुए हैं। राष्ट्रपति ने कहा, आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर सभी देशवासियों ने 'आजादी का अमृत महोत्सव' मनाया। अगले वर्ष 26 जनवरी को हम अपने गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ मनाएंगे। इस तरह के समारोह हमें अब तक की यात्रा का जायजा लेने और आगे की यात्रा के लिए बेहतर योजना बनाने का अवसर प्रदान करते हैं। ऐसे समारोह हमारी एकता को मजबूत करते हैं और दिखाते हैं कि राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के अपने प्रयासों में हम सभी एक साथ हैं। राष्ट्रपति ने कहा, भारत का संविधान कई गणमान्यों के लगभग तीन वर्षों के विचार-विमर्श का परिणाम था। लेकिन, सही मायने में यह हमारे लंबे स्वतंत्रता संग्राम का परिणाम था। उस अतुलनीय राष्ट्रीय आंदोलन के आदर्शों को संविधान में प्रतिष्ठापित किया गया। संविधान की प्रस्तावना में उन आदर्शों को संक्षेप में समाहित किया गया है। वे न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व है। उन्होंने कहा, लोगों की आकांक्षाओं को संसद द्वारा अधिनियमित कई कानूनों में अभिव्यक्ति मिली है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान सरकार ने समाज के सभी वर्गों, विशेषकर कमजोर वर्गों के विकास के लिए कई कदम उठाए हैं। ऐसे फैसलों से लोगों का जीवन बेहतर हुआ है और उन्हें विकास के नए अवसर मिल रहे हैं। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि सुप्रीम कोर्ट के प्रयासों से देश की न्यायपालिका हमारी न्यायिक प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने का प्रयास कर रही है। राष्ट्रपति ने कहा, हमारा संविधान एक जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज है। दूरदर्शी संविधान निमार्ताओं ने बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुरूप नए विचारों को अपनाने की व्यवस्था प्रदान की थी।

### ये आदर्श युगों-युगों से भारत को परिभाषित करते आए

संविधान की प्रस्तावना में रेखांकित आदर्श एक-दूसरे के पूरक हैं। साथ मिलकर, वे एक ऐसा वातावरण बनाते हैं, जिसमें प्रत्येक नागरिक को फलने-फूलने, समाज में योगदान करने और साथी नागरिकों की मदद करने का अवसर मिलता है। राष्ट्रपति ने कहा, हमारे संवैधानिक आदर्शों को कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के साथ-साथ सभी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ताकत मिलती है। हमारे संविधान में प्रत्येक नागरिक के मौलिक कर्तव्यों का स्पष्ट उल्लेख किया गया है। भारत की एकता और अखंडता की रक्षा करना, समाज में सद्भाव को बढ़ावा देना, महिलाओं की गरिमा सुनिश्चित करना, पर्यावरण की रक्षा करना, वैज्ञानिक सोच विकसित करना, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना और राष्ट्र को उपलब्धियों के उच्च स्तर पर ले जाना नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों में शामिल है। राष्ट्रपति ने कहा, संविधान की भावना के अनुरूप कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका की जिम्मेदारी है कि वे आम लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए मिलकर काम करें।

## संविधान दिवस पर ली पुलिसकर्मियों ने शपथ







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में मंगलवार को संविधान दिवस के अवसर पर पुलिस ऑफिस में एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने पुलिसकर्मियों को कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलायी। तो वहीं डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने घंटाघर कोतवाली में थाना कोतवाली के स्टाफ और साइबर सेल थाने के प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मियों को इस दिन के महत्व को बताते हुए संविधान की रक्षा और अनुपालन करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर कमिश्नरेट के अन्य थानों और कार्यालयों में भी यह आयोजन किया गया।

## न्यूज डायरी

### चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार

**लोनी, करंट क्राइम।** पुलिस ने रविवार रात निठोरा अंडरपास से चोरी की बाइक के साथ रिहान को गिरफ्तार किया है। आरोपी से बरामद बाइक एक दिन पूर्व ही मुस्तफाबाद कॉलोनी से चोरी की थी।

### सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

**लोनी, करंट क्राइम।** अंकुर विहार थाने की भगतसिंह कॉलोनी के गेट के पास स्कूटी सवार अधेड की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की बेटी ने रिपोर्ट दर्ज करा दी है। अंकुर विहार थाने की भगतसिंह कॉलोनी निवासी निवासी शिवानी भंडारी ने बताया कि 23 नवंबर की रात करीब नौ बजे उसके पिता देवेन्द्र भंडारी स्कूटी पर सवार होकर किसी काम से गए थे। इसी दौरान भगत सिंह गेट के पास वह अज्ञात वाहन की चपेट में आकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। हादसे में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट कर ली है।

### लोनी में नगर पालिका के अधिकांश नाले खुले

**लोनी, करंट क्राइम।** जिनकी गहराई करीब पांच फुट तक है। मुस्तफाबाद, प्रशांत विहार, लक्ष्मी गार्डन, बलरामनगर सौ फुटा रोड, गिरी मार्किट, ईदगाह रोड, ऋषि मार्किट आदि कॉलोनियों में घनी आबादी के बीच बने इन नालों में अगर कोई बच्चा गिर जाए तो उसका पता लगाना मुश्किल हो जाता है। ईदगाह रोड पर अपपी फूफी के घर के बाहर खेल रहा दो वर्षीय बच्चा कुछ दिन पूर्व नाले में गिर गया था और दूसरे दिन नाले से उसका शव बरामद हुआ था।

### घर से लाखों की नकदी और गहने चोरी

**लोनी, करंट क्राइम।** ट्रॉनिका सिटी थाने की मुखिया गार्डन इलायचीपुर कॉलोनी निवासी शिवम पांडेय ने बताया कि वह ट्रॉनिका सिटी की एक फैक्ट्री में नौकरी करता है। उसने बताया कि 23 नवंबर की सुबह वह घर का ताला बंद कर काम पर गया था, शाम में वापस घर लौटा तो चोरों ने घर का कुंदा उखाड़कर अलमारी से चार लाख रुपए की नकदी और लाखों रुपए के गहने चोरी कर लिए थे। पीडित ने रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### धूमधाम से मनाया संविधान दिवस



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** संविधान दिवस के शुभ अवसर पर पूरे भारत वर्ष में संविधान दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इसी क्रम में मंगलवार के दिन की शुरूआत हुकम सिंह ने जनपद बुलंदशहर में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष बड़े भाई विकास चौहान के आवास पर पहुंच कर संविधान दिवस के अवसर पर बधाई दी और पंचशील का पट्टका पहनाकर उनका स्वागत किया तथा भारतीय संविधान भेंट करके उनका आदर सत्कार किया और उनके साथ संविधान के ऊपर विस्तारपूर्वक चर्चा की। जिलाध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि पूरे जनपद में अलग-अलग जगह पर कार्यक्रम होंगे। कानून और न्याय मंत्री भीमराव अम्बेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत किया गया था। उनके द्वारा बताया गया कि आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में संविधान की खूबियों के विषय में पूरे जनपद में व्यापक स्तर से बताया जाएगा। लोगों को जागरुक किया जाएगा जिससे लोग संविधान को समझें और संविधान को पढ़ें और पढ़ कर अपने जीवन में उतारें और संविधान के अनुसार ही अपने सभी कार्य करे तथा जनता की सेवा करें।

### हम 2 दिसंबर को अपनी टीम के साथ संभल जाकर स्थिति का आकलन करेंगे : अजय राय



**वाराणसी।** संभल में मस्जिद के सर्वे को लेकर हुई हिंसा के बाद समाजवादी पार्टी के डेलिगेशन को वहां जाने से प्रशासन ने रोक दिया है। इस पर कांग्रेस नेता अजय राय ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, अभी तक संभल के जिला मजिस्ट्रेट ने एक तारीख तक रोक लगा रखी है, और मुझे पूरी उम्मीद है कि हम सभी इस पर जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं।

## इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने मनाया दसवां स्थापना दिवस समारोह




**गाजियाबार, करंट क्राइम।** देश के प्रमुख व्यापारिक औद्योगिक संगठन इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन का दसवां स्थापना दिवस गाजियाबाद स्थित लायंस एनक्सी क्लब में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में एनसीआर के विभिन्न क्षेत्रों से आये सैकड़ों व्यापारी उद्यमियों में से चुने गए।

साठ से ज्यादा व्यापारी उद्यमियों को किया गया 'राष्ट्रीय प्रहरी सम्मान' से अलंकृतः 60 से ज्यादा व्यापारी उद्यमियों को एमएसएमई समाज के लिए सेवाएं देने के लिए राष्ट्रीय प्रहरी सम्मान से अलंकृत किया गया। स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख उद्यमी दीपक कान्त गुप्ता ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन के इस कार्यक्रम को एमएसएमई वर्ग के लिए मिल का पत्थर स्थापित करने वाला कार्यक्रम बताया। एमएसएमई वर्ग से संबंधित तमाम विषयों पर की गई चर्चा : कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे रिटायर्ड आई ए एस डॉ आर भटनागर ने अपने उद्बोधन में भारतीय और वैश्विक व्यापार प्रणाली के अंतर्गत होने वाली भिन्नताओं को विस्तार से समझाते हुए बताया कि यदि सरकार सहयोग करे तो भारत का एमएसएमई वर्ग भी अपने अपने क्षेत्र की प्रतिस्पर्धा में अग्रणी भूमिका निभा सकता है? विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे वरिष्ठ शिक्षाविद अंकुर मित्तल ने कहा कि आज भारत के पारंपरिक व्यापारी को सबसे ज्यादा खतरा ऑनलाइन व्यापार करने वाली कंपनियों से है। इन ऑनलाइन कंपनियों ने भारत के करोड़ों पारंपरिक व्यापारियों को अकल्पनीय हानि पहुंचाने का काम किया है। ऐसी स्थिति में भी सरकार ऑनलाइन कंपनियों पर कोई कठोर लगाम नहीं लग रही है। जिसका कमी आज देश के करोड़ों व्यापारियों को उठाना पड़ रहा है। जीएसटी के विशेषज्ञ ऑल इंडिया फेडरेशन का टैक्स प्रैक्टिशनर्स के अध्यक्ष एडवोकेट मुकुल गुप्ता ने टैक्सेशन की नई व्यवस्था जीएसटी के अंतर्गत आने वाली तमाम परेशानियों से न्यायोचित समाधान भी बताएं एडवोकेट मुकुल गुप्ता ने कहा कि हमारे देश में टैक्स कलेक्शन करने की व्यवस्था बहुत बेहतर स्थिति में नहीं है। व्यापारी को टैक्स इकट्ठा करने की मशीन बना दिया गया है।

## लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट ने मनाया संविधान दिवस






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद जीटी रोड स्थित स्वरूप पार्क के लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर रामदुलार यादव की अध्यक्षता में माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एचएल विद्यार्थी ने की मुख्य अतिथि भंते बुद्ध प्रकाश भी कार्यक्रम में शामिल रहे। वही अनिल मिश्र, हुकुम सिंह, राजेन्द्र सिंह, विनोद त्रिपाठी ने देश प्रेम के गीत और भजन प्रस्तुत कर सभी को आत्मविभोर कर दिया।

शिक्षाविद राम दुलार यादव ने कहा कि 26 नवम्बर 1949 को बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर द्वारा निर्मित संविधान अंगीकार किया गया। बाबा साहेब ने विश्व के सभी संविधानों का अध्ययन कर संविधान की रचना की, जिससे समाज का अंतिम व्यक्ति भी गौरवान्वित हो सके और गरिमापूर्ण जीवन जी सके। मुख्य वक्ता कैलाश चन्द ने सभी ज्ञानपीठ में उपस्थित विद्वानों और सदस्यों को संविधान दिवस की बधाई दी और विस्तार से व्याख्या की। बुद्ध प्रकाश भंते ने कहा कि जादू-टोना को झूठ बता अन्धविश्वास पर करारी चोट की। कहा कि विज्ञान ही भगवान है, उन्हें क्रियान्वित कर सभी को बताया कि चमत्कार, झूठ और पाखंड है, स्वर्ग-नर्क, रुढ़िवाद, झूठ है, इससे बचकर रहें, और सभी को शिक्षित करें। इस अवसर पर राम दुलार यादव, भंते बुद्ध प्रकाश, एच एल विद्यार्थी, राजेन्द्र सिंह, ब्रह्म प्रकाश, विजय मिश्र, सीपी सिंह, कैलाश चन्द, अर्जुन सिंह, परमानन्द, एएस यादव, हीरा लाल, पुष्पेन्द्र सिंह, देवमन यादव, शेर बहादुर, राम प्यारे यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## श्रीलंका में करेंगे काव्य पाठ पंकज प्रकाश और बादल बाजपुरी





**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय कवि पंकज प्रकाश और बादल बाजपुरी कोलंबो में आयोजित होने वाले इंटरनेशन श्रीलंका कल्चर फेस्टिवल 2024 के अंतर्गत आयोजित कवि सम्मेलन में प्रतिभाग करेंगे। बुलंदी संस्था के मीडिया प्रभारी वरिष्ठ साहित्यकार नागेन्द्र त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि पंकज प्रकाश और बादल बाजपुरी लंबे समय से हिंदी साहित्य लेखन करते आ रहे हैं और देश के विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों से निरंतर काव्य पाठ करते आ रहे हैं। यह आयोजन अलाप स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड द्वारा भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद में 27 नवंबर को शाम पांच बजे आयोजित होगा। बताते चले इससे पहले बादल बाजपुरी आयरलैंड, नेपाल सहित मॉरिशस में पिछले वर्ष हिंदी प्रचारिणी सभा (लॉन्ग माऊटेन), वाकवा साहित्यिक सभा (वाकवा), ऋषि दयानंद इंस्टीट्यूट (पेलिस), महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट (मोका) द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में काव्य पाठ कर चुके हैं। बादल बाजपुरी विश्व प्रसिद्ध बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति के संस्थापक और पंकज प्रकाश संरक्षक है। बुलंदी संस्था तीन बार विश्व कीर्तिमान बना चुकी है। वर्ष 2021 में 207 और वर्ष 2022 में 400 घंटे एवं वर्ष 2024 में 270 घंटे 58 देशों की सहभागिता सहित अनवरत वर्च्युअल कवि सम्मेलन आयोजित करवा के बुलंदी संस्था तीन विश्व रिकॉर्ड बना चुकी है। बादल बाजपुरी की इस उपलब्धि से बाजपुर का नाम वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है जिससे शहर के उनके प्रशंसकों के मध्य खुशी का माहौल है।

## रेलवे अधिकारी से 30 लाख का साइबर फ्रॉड शेयर बाजार में निवेश करने का दिया झांसा



**नोएडा करंट क्राइम।** साइबर ठगों ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक सोसाइटी में रहने वाले रेलवे अधिकारी से 30 लाख रुपए की ठगी कर ली। शेयर बाजार में निवेश कर मोटा मुनाफा के झांसे में आकर पीड़ित एक माह पहले ठगों के संपर्क में आए थे। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में पहुंचकर शिकायत दी। पुलिस ठगों की पहचान और तलाश में जुटी है। रेलवे अधिकारी ने साइबर क्राइम थाने में दी शिकायत में बताया कि करीब एक महीने पहले उनके मोबाइल के वॉट्सऐप पर एक मैसेज आया था। मैसेज में शेयर बाजार में निवेश संबंधी जानकारी थी।

उन्होंने दिये मोबाइल नंबर पर संपर्क किया तो ठगों ने शेयर बाजार के एक्सपर्ट से प्रशिक्षण दिलाकर मोटा मुनाफा कमाने का लाभ दिलाने के बारे में बताया। उनका नंबर एक वॉट्सऐप ग्रुप पर जोड़ दिया। ऑनलाइन क्लास देकर प्रशिक्षण देना शुरू किया।

### रोजाना होने लगा 10 से 20 प्रतिशत का लाभ

ग्रुप में लोगों के रिव्यू भी स्क्रीन शाट के माध्यम से साझा किये। रोजाना 10-20 % तक लाभ होने पर यकीन होने लगा। कंपनी की एप पर खाता भी खोल दिया गया। प्रशिक्षण देकर छोटा-छोटा निवेश कराना शुरू किया। शुरूआत में एप से रुपए अपने खाते में ट्रांसफर किये तो पूरी धनराशि बैंक खाते में आ गई। इससे कंपनी पर विश्वास होने गया। रेलवे अधिकारी ने कभी एक लाख तो कभी पांच लाख रुपए तक निवेश करना शुरू किया। इस तरह से 30 लाख रुपए निवेश कर दिये।

रुपया की जरूरत होने पर कुछ धनराशि निकालनी चाही लेकिन निकासी के लिए टैक्स के रूप में अतिरिक्त धनराशि की मांग की गई। रेलवे अधिकारी को अपने साथ ठगी होने का एहसास हुआ तो ठगों ने संपर्क बंद कर लिया। उन्होंने तत्काल साइबर हैल्प डेस्क नंबर पर शिकायत की और सोमवार को साइबर क्राइम थाने पहुंचकर लिखित में शिकायत की।

### 20 बार में ट्रांसफर की धनराशि

पीड़ित ने बताया कि उन्होंने ठगों के बताए बैंक खातों में धनराशि भेजी। उन्होंने 30 लाख रुपए की धनराशि 20 बार में ठगों के बताए खातों में डाली। उन्होंने अपने बैंक खातों के अलावा ठगों के बैंक खाते, ऐप, ऐप पर खोले खाते आदि संबंधी जानकारी साइबर पुलिस से साझा की। डी सीपी साइबर क्राइम प्रीति यादव ने बताया कि शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

## मामूली विवाद में किशोर को कुल्हाड़ी मारकर घायल किया

**लोनी, करंट क्राइम।** सरस्वती विहार कॉलोनी में आस पडोस में रहने वाले किशोरों के बीच मामूली सी बात को लेकर विवाद हो गया। जिस पर दो भाईयों ने एक किशोर को गर्दन पर कुल्हाडी से वार कर घायल कर दिया। पीडित को उपचार के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, वहां हालत में सुधार आने के बाद उसे छुटटी मिल गई है। लोनी थाने की सरस्वती विहार कॉलोनी निवासी ओमनारायण ने बताया कि सोमवार शाम करीब छह बजे उनका 16 वर्षीय बेटा प्रिंस घर के बाहर खडा हुआ। इसी दौरान मामूली बात को लेकर उसका विवाद पडोस में रहने वाले हमउम्र हर्ष और वंश से हो गया। दोनों ने प्रिंस को गर्दन पर कुल्हाडी से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। पीडित को उपचार के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां उसकी हालत में सुधार होने पर छुटटी मिल गई है। प्रिंस के पिता ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

## मेरा संविधान, मेरा अभिमान के साथ मनाया संविधान दिवस





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद के तत्वावधान में शंभू दयाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजियाबाद ने संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. भीमराव अंबेडकर को फूल अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद के उप निदेशक देवेंद्र कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा के विषय में बताते हुए बताया कि संविधान की मांग आजादी के बहुत पहले से आरंभ हो गई थी। 1946 में निर्वाचित सदस्यों द्वारा संविधान सभा का गठन किया गया। संविधान सभा द्वारा कई प्रकार की समितियां गठित की गईं जिसमें से एक समिति भीमराव अंबेडकर की अध्यक्षता में संविधान के मसौदे को तैयार करने के लिए बनाई गई। 26 नवंबर 1949 संविधान सभा द्वारा संविधान को आत्मसात किया गया तथा 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रोफेसर जयकुमार सरोहा पॉलिटिकल साइंस ने बारीकी से संविधान के इतिहास एवं उसकी संरचना तथा विभिन्न देशों से ग्रहण किए गए प्रावधानों की विस्तार से चर्चा की। यह एक लीगल दस्तावेज है जिसमें डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने भविष्य में होने वाले विभिन्न संशोधनों का प्रावधान रखा था, इस प्रकार हमारा संविधान एक लचीला संविधान है। डॉक्टर रोशना मित्तल पॉलीटिकल साइंस एसडी पीजी कॉलेज ने संविधान में नागरिकों के मूल अधिकार एवं कर्तव्यों के विषय में जानकारी दी तथा संविधान की शपथ दिलाई और बताया कि सभी देशवासियों को संविधान को पढ़ना चाहिए और उसको अपनाना चाहिए। संविधान पर चर्चा करते हुए डॉक्टर राजनारायण शुक्ला प्रोफेसर अनिल कुमार तथा डॉक्टर प्रियंका गंगवार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कुछ छात्रों जिसमें सफलता मानसी और हिमानी हर्षवर्धन एवं ब्रज कुमार छात्रों ने भी संविधान पर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के समापन पर अभी वक्ताओं को स्मृति चिह्न देकर तथाअपने विचार रखने वाले सभी छात्रों को प्रमाण पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने एक रैली का आयोजन किया जिसमें 'मेरा संविधान, मेरा अभिमान' जैसे नारों से जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर प्रियंका गंगवार ने किया तथा इसमें 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र के पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक तालिब ने भी अपना सहयोग प्रदान किया।

## राहुल गांधी के संभल आने की सूचना, इलाके में तनावपूर्ण शांति





**अमरोहा।** संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा में पांच लोगों की मौत के बाद राहुल गांधी के संभल जाने की सूचना पर पुलिस ने हाईवे पर नाकाबंदी कर वाहनों की सघन चेकिंग की। राहुल गांधी ने राज्य सरकार की पक्षपाती और असंवेदनशील कार्रवाई पर आलोचना करते हुए शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से मामले में हस्तक्षेप कर न्याय की मांग की।जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा में पांच लोगों की मौत के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी के संभल जाने की सूचना पर पुलिस ने हाईवे पर नाकाबंदी कर दी। दिल्ली से आने वाले वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। हसनपुर एसडीएम सुनीता सिंह, सीओ श्वेताभ भास्कर और इंस्पेक्टर सुधीर कुमार के नेतृत्व में थाना पुलिस ने ब्रजघाट पुलिस चौकी के सामने बैरियर लगा कर वाहनों की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलने पर स्थानीय खुफिया विभाग भी लगातार घटनाक्रम पर निगरानी रखे हुए हैं। संभल में हिंसा के बाद की स्थिति तनावपूर्ण शांति में बदल चुकी है, और प्रशासन पूरी स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए है। शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखेंलोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा, संभल, उत्तर प्रदेश में हालिया विवाद पर राज्य सरकार का पक्षपात और जल्दबाजी भरा रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हिंसा और फायरिंग में जिन्होंने अपनों को खोया है उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। प्रशासन द्वारा बिना सभी पक्षों को सुने और असंवेदनशीलता से की गई कार्रवाई ने माहौल और बिगाड़ दिया और कई लोगों की मृत्यु का कारण बना - जिसकी सीधी जिम्मेदार भाजपा सरकार है। भाजपा का सत्ता का उपयोग हिंदू-मुसलमान समाजों के बीच दरार और भेदभाव पैदा करने के लिए करना न प्रदेश के हित में है, न देश के। मैं सुप्रीम कोर्ट से इस मामले में जल्द से जल्द हस्तक्षेप कर न्याय करने का अनुरोध करता हूं। उन्होंने आगे कहा, मेरी अपील है कि शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखें। हम सबको एक साथ जुड़ कर यह सुनिश्चित करना है कि भारत सांप्रदायिकता और नफरत नहीं, एकता और संविधान के रास्ते पर आगे बढ़े।

इस दौरान सपा के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि संविधान दिवस के लिए सभी को बधाई। सच्चा उत्सव तभी है जब सब संविधान के रास्ते पर चले। संविधान के रास्ते पर चलकर सच्चा उत्सव मना सकते हैं। हम सब सच्चे समाजवादी संविधानवादी लोग हैं। हम वो समाजवादी नहीं जो संविधान को कोरा कागज समझते हो...और संविधान का उत्सव उस समय मनाना जब संभल में कई जाने चली गई हों, गम के माहौल में कैसे उत्सव मनाया जा सकता है और उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है..पूरी गलती जो है वो सरकार की है..वहां पर कोई जा भी नहीं सकता है, ये भाजपा के वो लोग हैं।

### दोबारा सर्वे का काम क्यों किया, अखिलेश ने फिर उठाए सवाल



दिल्ली में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संभल हिंसा पर एक बार फिर सवाल उठाए हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जामा मस्जिद में दोबारा सर्वे का काम क्यों किया? उन्होंने कहा कि मैं भी संभल जाऊंगा। संभल जाने से क्यों रोका जा रहा है। संभल का हाल जानना चाहते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि संभल में न्याय नहीं मिल रहा है। हम संविधान का सम्मान करते हैं। हम संविधान का उत्सव कैसे मनाएं? उत्सव ढोंग नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान को नहीं मानती है। यूपी में वोट की लूट हुई। आपको बता दें कि आज समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल संभल नहीं जाएगा। तीन दिन तक जाने की इजाजत नहीं मिली है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# ठंड और शीत लहर से पहले कर ली जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने विभागों के साथ बैठक

## अलाव से लेकर रैन बसेरा ,शेल्टर होम व वाहनों पर रेडियम लगवाने के निर्देश जारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** नवंबर का महीना अंतिम दिनों में आ गया है और सर्दी धीरे-धीरे बढ़ रही है। रात को तापमान कम होने लगा है, तो दिन में धुंध परेशान कर रही है। ठंडक दस्तक देगी तो शीत लहर अपना प्रकोप दिखाएंगी। इसके बचाव के लिए अभी से जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने संबंधित विभागों के साथ मंगलवार को बैठक की। समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं और सुरक्षा से लेकर खास इंतजामों की व्यवस्था करने का आदेश दिया गया है।

जिलाधिकारी ने अत्याधिक ठंड और शीत लहरों से उत्पन्न होने वाली परेशानियों को ध्यान में रखते हुए असहाय और कमजोर वर्ग को ठंड से बचाने और राहत पहुंचाने के लिए रेन बसेरा, शेल्टर होम, नगर निगम और नगर पालिका को विभिन्न स्थानों पर बनाने और उनकी व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। तो वहीं शेल्टर होम और रेन बसेरा में कंबल, स्वच्छ पेयजल, शौचालय और किचन आदि का निशुल्क प्रबंध कराने का भी निर्देश दिया गया है।



### रेन बसेरों पर लिखने होंगे केयरटेकर के नाम और नंबर

**करंट क्राइम ।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कई विभागों के साथ हुई बैठक में कहा है कि शीत लहर से बचाव के लिए जो रेन बसेरा, शेल्टर होम बनाए जाएंगे, वहां तैनात केयरटेकर का नाम, पदनाम, मोबाइल नंबर लिखना होगा। इसके साथ ही अलाव जलाए जाने के लिए चिन्ह स्थान की सूची फोटोग्राफ सहित जल्द से जल्द उपलब्ध कराने और व्यवस्था करने का निर्देश दिया है ताकि शीत लहर शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं।



### अलाव से लेकर कंबल की करनी होगी व्यवस्था



**करंट क्राइम ।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने समस्त विभागों को निर्देशित किया है कि हर चौराहे का निरीक्षण किया जाए। कोई व्यक्ति सड़क किनारे सोता मिलता है तो ऐसे व्यक्तियों को रैन बसेरा और कंबल की व्यवस्था की जाए। वहीं गरीबों को चिन्हित किया जाए, उन्हें कंबल वितरित किया जाए। साथ ही सहायक नगर आयुक्त नगर निगम को ठंड से बचाव के लिए रेन बसेराओं की विस्तृत जानकारी प्रचार प्रसार के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने का भी निर्देश दिया गया है। साथ ही ठंड से बचाव के लिए अलाव व कंबल की व्यवस्था भी सरकारी विभागों को ही करनी होगी।

### सड़क सुरक्षा पर भी देना होगा ध्यान

**करंट क्राइम ।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने आरटीओ एवं जिला गन्ना अधिकारी गाजियाबाद को ट्रैक्टर ट्राली, ट्रक एवं अन्य वाहनों पर रेडियम पट्टी लगाने के निर्देश दिए हैं ताकि सड़क पर कोहरे और सर्द रातों के दौरान कोई हादसा न होने पाए। वहीं यातायात पुलिस को भी विशेष अभियान चलाकर सड़क हादसों में कमी लाने का प्लान बनाने को कहा गया है।

# सांसद अतुल गर्ग बोले, विधायक संजीव शर्मा से पूरी उम्मीद, वो करेंगे लाईनपार का उद्धार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संजीव शर्मा अब शहर विधायक हैं और यहां से शहर विधायक रहे अतुल गर्ग अब लोकसभा सांसद हैं। ये सभी जानते हैं कि यहां पिछले साल तक क्या हाल था और सांसद-विधायकों के बीच ट्यूनिंग कैसी थी। कलक्ट्रेट में दिशा की बैठक से लेकर विधायक के भंडारे तक कई बार ये दूरियां दिखाई देती हैं। अब जब नये विधायक हैं और उसी सीट पर विधायक हैं जिससे लोकसभा सांसद विधायक रहें हैं। ऐसे में सांसद को अपने विधायक से क्या उम्मीदें है और ऐसे कौन से विकास कार्य हैं जो सांसद से नहीं हुए और अब वो चाहते हैं कि विधायक उन्हें करें। दैनिक करंट क्राइम ने इन मुद्दों को लेकर सांसद अतुल गर्ग से बात की। तो यहां सबसे बड़ी बात ये थी कि सांसद अतुल गर्ग ने सांसद और विधायक के लिए हम शब्द का इस्तेमाल किया और कहा कि हम दोनों मिलकर प्रमुख समस्याएं हल कराएंगे। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि सांसद और विधायक एक-दूसरे के पूरक हैं। सांसद और विधायकों में अच्छा तालमेल है। उन्होंने शहर विधायक संजीव शर्मा की तारीफ करते हुए कहा कि संजीव स्थानीय मुद्दों से लेकर स्थानीय व्यक्ति तक सबको जानते हैं और विकास की बात पर उन्होंने कहा कि कई काम हैं जो अब पूरे कराए जाएंगे। अतुल गर्ग ने कहा कि शाहबेरी से ग्रेटर नोएडा की कनेक्टिविटी होनी है। ये क्रॉसिंग के लिये जरूरी है। ये काम कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पानी की टंकियों को लेकर पहले भी सवाल उठा था और अब इस क्षेत्र में काम किया जाएगा। पीने के पानी की समस्या का समाधान कराया जाना है। मेरे कार्यकाल में कैलाशनगर से प्रताप विहार तक मीठे पानी की लाइन लगाई थी उसे भी दुरुस्त कराया जाएगा। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि विधायक संजीव शर्मा को विकास के लिये निधि की चिंता करने की जरूरत नहीं है। अभी तो छह करोड़ रुपए मेरे ही निधि के बचे हुए हैं उस निधि से विधानसभा क्षेत्र की सभी गलियां नई बनाई जाएंगी। सांसद अतुल गर्ग ने संजीव शर्मा को मेहनती विधायक बताते हुए कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि वह क्षेत्र की समस्याओं का समाधान कराएंगे।





# गठबंधन प्रत्याशी सिंहराज ने खोला चुनावी नतीजे के बाद राज

## कहा- अगर मिलता प्रोपर साथ तो अलग ही होती बात

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनाव नतीजों के बाद जहां जीतने वालों ने जनता का आभार व्यक्त किया तो वहीं उपचुनाव में रनरअप रहे सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी ने अपनी हार को लेकर कई मुद्दों पर करंट क्राइम से बात की। उन्होंने कहा कि किसी एक व्यक्ति को लेकर मैं कोई बात नहीं कहना चाहता हूं, लेकिन इतना तय है कि अगर संगठन के कन्सेप्ट पर चुनाव लड़ाया जाता तो यहां कुछ और बात होती। सिंहराज ने कहा कि मैं ये मानता हूं कि कहीं ना कहीं हमारी चुनाव की प्लानिंग ठीक नहीं थी। उन्होंने कहा ि प्रशासन और सरकार ने भी कुछ इस तरह से माहौल बनाया कि उससे वोटर प्रभावित हुआ। बात जब सपा और कांग्रेस की आई तो सिंहराज ने सबसे पहले कांग्रेस की बात की।






### उम्मीद के अनुसार नहीं मिला कांग्रेस के नेताओं का सहयोग

**करंट क्राइम।** उन्होंने कहा कि कांग्रेस के स्थानीय नेता जितना कर सकते थे उन्होंने किया लेकिन यहां मेरे चुनाव और डॉली शर्मा के चुनाव में अंतर रहा। इसकी वजह कोई निजी नहीं केवल सिंबल का होना रहा। उन्होंने कहा कि डॉली शर्मा के चुनाव में और मेरी चुनाव की वर्किंग में इसलिए फर्क था क्योंकि इस पर सिंबल का असर पड़ा। यदि कांग्रेस का सिंबल होता तो फिर कांग्रेस के नेता, कार्यकर्ता और वोटर पूरी शिद्दत से चुनाव लड़ाते।

### सपा के कई स्थानीय नेताओं में दिखी तालमेल की कमी

**करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी की सहयोगी नीति को लेकर उन्होंने कहा कि बाहर से लगभग 70 से 80 लोग चुनाव लड़ाने आए थे, ये सभी लोग मेहनती थे और ये विधानसभा क्षेत्र में अपने-अपने समाज के लोगों के बीच गए, लेकिन यहां पर सपा स्थानीय के नेताओं में आपस में एक ट्यूनिंग एरर रहा। उन सभी से अनुरोध करना पड़ा और सपा के नेताओं में आपस की तालमेल की कमी रही, कॉर्डिनेशन की कमी रही। सिंहराज जाटव ने यहां सपा संगठन की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि पूर्व एमएलसी राकेश यादव ने इस चुनाव में पूरी मेहनत की। जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन से लेकर महानगर अध्यक्ष विरेंद्र यादव एडवोकेट ने और पूरी टीम ने पूरी मेहनत की, लेकिन यहां पर सपा के पूर्व पदाधिकारी इतना एक्टिव नहीं हुए जितना होना चाहिए था। बड़ी बात तो ये है कि वो कहने के बाद भी एक्टिव नहीं हुए।

### सपा में ही रहूंगा और लड़ूंगा फिर से चुनाव

**करंट क्राइम।** सपा-कांग्रेस गठबंधन उम्मीदवार रहे सिंहराज जाटव ने कहा कि मैं राजनीति में केवल चुनाव लड़ने नहीं आया हूं। उन्होंने कहा कि मैं राजनीति में पहले से ही हूं और राजनीति मेरे लिये समाजसेवा का जरिया है। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की जमकर तारीफ की और कहा कि उन्होंने मुझमें विश्वास दिखाया और वो एक बड़े दिल के नेता हैं। चुनाव के बाद क्या राजनीति से दूरी बनाओ जैसे सवाल पर सिंहराज ने कहा कि मैं सपा में ही रहूंगा और फिर से चुनाव लड़ूंगा। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला है। मैं राजनीति से पहले समाजसेवा में एक्टिव रहता हूं। के दुख-सुख में शामिल होते हैं और कोई भी अगर बुलाए तो जरूर जाता हूं। उन्होंने कहा कि चुनाव भी जनता की सेवा के लिये है। सिंहराज ने 2027 की संभावनाओं को लेकर कहा कि अभी से कुछ कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन अगर परिस्थितियां अनुकूल रही तो मैं जरूर टिकट मांगूंगा और मुझे पूरा विश्वास है पार्टी मुझ पर भरोसा जताएगी और मैं चुनाव लड़ूंगा।

# क्या यूपी गेट पर फिर धरने की हो रही है सुगबुगाहट

## किसान संगठन कर रहे हैं कौन सी तैयारी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव संपन्न हो गए हैं। उपचुनाव संपन्न होने के बाद आचार संहिता वाला मोड भी लाइट हो गया है। सूत्र बता रहे हैं कि किसान यूनियन फिर से पश्चिम उत्तर प्रदेश में एक बड़े आंदोलन की अंदर खाने रणनीति बना रहा है। जानकारी मिली है कि कहीं फिर से यूपी गेट किसानों का अगला टारगेट ना बन जाए। किसान संगठनों से जानकारी मिली है कि दिसंबर के प्रथम सप्ताह में किसान संगठन पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली-एनसीआर में कोई आंदोलन कर सकते हैं। अब यह आंदोलन किन मांगों को लेकर होगा और कितना सरदार रहेगा, यह तो फिलहाल तय नहीं है लेकिन किस संगठन अंदर खाने की तैयारी में जुड़ गए हैं, ऐसी जानकारी मिल रही है।

### शुरू हुआ आंदोलन तो बढ़ेगी पुलिस और खुफिया तंत्र की टेंशन

**करंट क्राइम ।** सूत्रों से जिस प्रकार से जानकारी मिल रही है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश या दिल्ली एनसीआर के किसी बड़े जिले में किसान संगठन अपनी प्रमुख मांगों और केंद्र सरकार की नीति और रणनीति के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। तो इस दौरान उनका आंदोलन किस मोड पर आता है, यह देखना होगा। अगर यह आंदोलन पूर्व में किसान आंदोलन यूपी गेट की तरह शुरू हुआ, तो इस आंदोलन में किसानों के साथ ही राजनीतिक हलचल भी बढ़ेगी। साथ ही पुलिस प्रशासन के साथ ही खुफिया तंत्र वालों को भी अलर्ट मोड पर आना होगा। बड़ी संख्या में अगर किसान जुटेंगे तो उनकी सुरक्षा, इनपुट और अन्य निगरानी भी पुलिस प्रशासन के जिम्में आ जाएगी। हालांकि सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अभी आंदोलन की ना तो डेट फिक्स की गई है और ना ही स्थान को लेकर स्थिति क्लियर है। बता दें कि यूपी गेट पर किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लगभग 13 महीने तक लंबा आंदोलन चला चुके हैं। जिसके संचालन के दौरान दिल्ली-एनसीआर के साथ ही देशभर के कई हिस्सों में असर पड़ा था। आमजन के साथ ही पुलिस-प्रशासन की भी टेंशन बढ़ गई थी।

# आज से हाइब्रिड मोड पर संचालित होंगी गाजियाबाद के स्कूलों में क्लास

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** गाजियाबाद जिले में 27 नवंबर से हाइब्रिड मोड में कक्षाएं चलेंगी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि सभी प्रधानाचार्य को निर्देश दिए गए हैं कि वह हाइब्रिड मोड में कक्षा संचालित कर सकते हैं। ऑनलाइन और फिजिकल उन्हें जो भी सही लगे, उस रूप में वह संचालित कर सकते हैं। बता दें की गाजियाबाद में बढ़ते हुए वायु प्रदूषण के चलते सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कक्षा 1 से 12 तक के समस्त विद्यालय एवं शैक्षणिक संस्थाओं को ऑनलाइन क्लासेस चलाने का निर्देश दिया गया था।

## रेड से ऑरेंज जोन में पहुंचा जिले का वायु प्रदूषण



### वायु प्रदूषण की स्थिति में भी हुआ थोड़ा सुधार

**करंट क्राइम ।** मंगलवार को गाजियाबाद जिले के वायु प्रदूषण की स्थिति में भी थोड़ा सुधार देखने को मिला है। जो वायु प्रदूषण कई दिनों से रेड जोन में चल रहा था, वह मंगलवार को ऑरेंज जोन में पहुंच गया है। वहीं गाजियाबाद का एयर क्वालिटी इंडेक्स 203 दर्ज किया गया। तो लोनी अभी भी सबसे अधिक प्रदूषण वाला केंद्र बना हुआ है। यहां का वायु प्रदूषण 248, इंदिरापुरम 177, संजय नगर 191 और वसुंधरा 195 एक दर्ज किया गया है, अगर हवा की गति और बढ़ेगी तो वायु प्रदूषण में सुधार आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा।

## वार्ड-19 को लेकर निर्वाचन आयोग ने की अधिसूचना जारी

# 17 दिसंबर को होगा वार्ड-19 का उपचुनाव

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विधानसभा उपचुनाव के अब गाजियाबाद में नगर निगम के वार्ड का चुनाव होना है। चुनाव आयोग द्वारा मंगलवार को चुनावी अधिसूचना जारी की गई। गाजियाबाद के वार्ड-19 का चुनाव 17 दिसंबर को होगा और 19 दिसंबर को मतगणना होगी। गौरतलब है कि वार्ड-19 की पार्षद उर्मिला चौहान का बीमारी के चलते निधन हो गया था। उनके निधन के उपरांत से यह सीट रिक्त चल रही थी।

अब यहां चुनाव होगा। बुधवार 27 नवंबर को जिला निर्वाचन अधिकारी सार्वजनिक सूचना जारी करेंगे। 28 नवंबर को रिटर्निंग अधिकारी द्वारा सार्वजनिक सूचना जारी की जाएगी और नामांकन पत्र 28 नवंबर से 3 दिसंबर तक जमा कराए जा सकते हैं। चार दिसंबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और छह दिसंबर को नाम वापस लेने का दिन है। इसके बाद छह दिसंबर को ही चुनाव चिन्ह आवंटित किये जाएंगे। 17 दिसंबर मंगलवार को सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा और 19 दिसंबर को सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू हो जाएगी।

## 19 दिसंबर को होगी मतगणना


### क्या प्रदीप चौहान की बेटी को मिलेगा टिकट

**करंट क्राइम।** वार्ड-19 से भाजपा नेता प्रदीप चौहान की पत्नी उर्मिला चौहान पार्षद का चुनाव जीती थी। बीमारी के चलते उनका निधन हो गया था। तभी से चर्चा भाजपा में है कि आकस्मिक निधन से रिक्त हुई इस जीत पर पार्षद के परिवार को ही सिम्पैथी आधार पर टिकट दिया जाए। ताकि दिवंगत पार्षद की बचे हुए कार्यकाल की पारी एक श्रद्धांजलि के रूप में उनके परिजन पूरा करें। बताया जाता है कि प्रदीप चौहान की पुत्री का चल रहा है और ये उम्मीद जताई जा रही है कि सिम्पैथी टिकट के रूप में प्रदीप चौहान की पुत्री या पुत्रवधू वार्ड-19 से उम्मीदवार हो सकती है।

# राधाकुंज फाटक पर रोज लगा देते हैं लोग जान की बाजी

## कोई नहीं ले रहा संज्ञान अगर जान है तो है जहान









उदयवीर सिंह

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सरकार नदी से लेकर वन क्षेत्र तक जनता को सजग करती है। वो नेहरों के पास बोर्ड लगाते हैं कि यहां पानी गेहरा है, स्नान ना करें। सड़कों पर स्पीड का बोर्ड लगाते हैं, लेकिन गाजियाबाद के साहिबाबाद क्षेत्र में ब्रजविहार का राधाकुंज फाटक ऐसा है जहां ना कोई बोर्ड लगा है और ना ही जनता सुधरने को तैयार है। यहां लोग रोजाना कुछ सैकेंड बचाने के लिये जान की बाजी लगाते हैं। यहां अक्सर मालगाड़ी रुक जाती है और लोग इस मालगाड़ी के नीचे निकलकर पटरी को पार करते हैं, अपनी जान पर खेलते हैं। बड़ी बात ये है कि जिन बुजुर्गों को समझाना चाहिए वो खुद यहां मालगाड़ी को पार करते हैं, महिलाएं पार करती हैं। अब गलती जनता की हो या किसी की हो मगर कौन समझाए कि जान है तो जहान है मगर यहां तो इंसान ही खुद अपनी जान की बाजी लगा रहे हैं। ये तस्वीरें राधाकुंज फाटक की हैं। अब इस पर संज्ञान के अधिकारियों को लेना है, पुलिस को लेना मगर उससे बड़ा संज्ञान जनता को खुद लेना है क्योंकि जान तो उनकी है और उन्हें समझाना चाहिए कि जीवन कितना कीमती है।

### सुरक्षा के लिए बन रहा है अंडरपास मगर इसका भी विरोध

यहां पर सुरक्षा के लिये अंडरपास मंजूर हो चुका है। अंडरपास बनने के बाद हजारों लोगों का आवागमन सुरक्षित हो जाएगा। अंडरपास का पास फिलहाल ग्रैप-4 की वजह से रुका पड़ा है। अंडरपास को मंजूरी मिल चुकी है, मगर अब इस अंडरपास का भी विरोध हो रहा है। लोगों का कहना है कि अगर अंडरपास बना तो उसमें पानी भरेगा और इससे उनके फ्लैटों की कीमत कम हो जाएगी। वहीं पटरी पर मालगाड़ी खड़ी होने के बाद भी उसके नीचे घुसकर पटरी पार करने को लेकर उनका कहना है कि अगर मिनटों की बात हो तो इंतजार कर भी लें लेकिन यहां तो कई बार घंटों का सीन हो जाता है।

## संपादकीय

# बचपन पर तपिश

अक्सर यह सवाल विमर्श में होता है कि धरती के प्रति गैर-जिम्मेदार व्यवहार के चलते हम कैसा देश आने वाली पीढ़ियों के लिये छोड़कर जाएंगे। वायु प्रदूषण की विभीषिका, गहराते जल संकट, सिमटते प्राकृतिक संसाधन व रोजगार की विसंगतियों के बीच आने वाली पीढ़ी के बच्चों का जीवन निस्संदेह संघर्षपूर्ण होगा। चिंता की बात यह है कि इन तमाम विसंगतियों व नेतृत्व की अदूरदर्शिता के बीच बच्चों के भविष्य पर जलवायु संकट का खतरा अलग से मंडराने लगा है। यही वजह है कि संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ ने बच्चों के भविष्य की तस्वीर उकेरते हुए विभिन्न चुनौतियों के मुकाबले के अनुरूप नीति निर्माण की जरूरत बतायी है। यह एक हकीकत है कि वर्ष 2021 तक भारत बच्चों पर जलवायु जोखिम सूचकांक में 163वें स्थान पर रहा है। लेकिन इस सदी के मध्य तक स्थिति खासी चुनौतीपूर्ण होने की आशंका है। यूनिसेफ का आकलन है कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते वर्ष 2050 तक बच्चों को वर्ष 2000 की तुलना में आठ गुना अधिक तपिश झेलनी पड़ सकती है। दरअसल, हाल ही में यूनिसेफ ने ह्यद फ्यूचर ऑफ चिल्ड्रेन इन चेंजिंग वर्ल्डह्व शीर्षक अपनी सालाना रिपोर्ट में भारत में बच्चों के भविष्य को लेकर उत्पन्न चुनौतियों का मंथन किया है। इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है कि साल 2050 तक भारत में 35 करोड़ बच्चे जनसांख्यिकीय बदलावों, जलवायु संकट और तकनीकी बदलावों की चुनौतियों का सामना कर रहे होंगे। दरअसल, यूनिसेफ ने सदी के पांचवें दशक तक की तीन महत्वपूर्ण वैश्विक प्रवृत्तियों का खाका खींचा है। ये घटक नौनिहालों के भविष्य के जीवन को नया स्वरूप देने में अहम भूमिका निभाएंगे। उल्लेखनीय है कि उस समय देश जनसांख्यिकी बदलावों की चुनौती से जूझ रहा होगा। आकलन किया जा रहा है कि इस बदलाव के चलते ही वर्तमान की तुलना में बच्चों की संख्या में करीब दस करोड़ की कमी आएगी। ऐसे वक्त में जब पूरी दुनिया में एक अरब बच्चे वर्तमान में उच्च जोखिम वाले जलवायु खतरों का मुकाबला कर रहे हैं, तो 2050 की स्थिति का सहज आकलन किया जा सकता है।

निस्संदेह, यूनिसेफ की हालिया रिपोर्ट भविष्य की चिंताओं पर मंथन करने तथा उसके अनुरूप नीति-नियंताओं से नीतियां बनाने का सबल आग्रह करती है। खासकर लगातार गहरे होते जलवायु संकट के बीच बच्चों की सेहत, शिक्षा और पेजयल जैसे जीवन के जरूरी संसाधनों की सहज उपलब्धता की दृष्टि से। दरअसल, मौजूदा दौर में जिस तेजी से गांवों से शहरों की ओर पलायन बढ़ रहा है, अनुमान लगाया जा रहा है कि वर्ष 2050 तक देश की आधी आबादी शहरों में रह रही होगी। जाहिर है ऐसी स्थिति में पहले से आबादी के बोझ तले दबी नागरिक सेवाएं चरमरा जाएंगी। ऐसे में सत्ताधीशों के लिये जरूरी होगा कि जलवायु परिवर्तन के संकट के बीच बच्चों के अनुरूप शहरी नियोजन को अपनी प्राथमिकता बनाएं। इसमें बच्चों की शिक्षा, उनकी सेहत और कौशल विकास की जरूरतों के अनुरूप शहरी तंत्र को विकसित करें।

# आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की तबीयत बिगड़ी, चेन्नई के अस्पताल में कराया भर्ती

**नई दिल्ली।** आरबीआई प्रवक्ता की ओर से भी बयान जारी किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास को एसिडिटी की शिकायत हुई और उन्हें निगरानी के लिए चेन्नई के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास की तबीयत बिगड़ गई है। इसके बाद उन्हें चेन्नई के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरबीआई अधिकारियों ने बताया कि शक्तिकांत दास को चेन्नई के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह ठीक हैं और चिंता की कोई बात नहीं है। इसके बाद आरबीआई प्रवक्ता की ओर से भी बयान जारी किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास को एसिडिटी की शिकायत हुई और उन्हें निगरानी के लिए चेन्नई के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। अब उनकी हालत ठीक है। अगले 2-3 घंटों में उन्हें छुट्टी दे दी जाएगी। चिंता की कोई बात नहीं है।



### भारतीय रिजर्व बैंक के 25वें गवर्नर हैं शक्तिकांत दास

वित्त मंत्रालय के राजस्व और आर्थिक मामलों के विभाग के पूर्व सचिव दास ने 12 दिसंबर, 2018 को तीन साल की अवधि के लिए शीर्ष बैंक के 25वें गवर्नर के रूप में पदभार ग्रहण किया। अपने 38 वर्षों के अनुभव में दास ने केंद्र और राज्य सरकारों में वित्त, कराधान, उद्योग, बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। तमिलनाडु कैडर के 1980 बैच के आईएएस अधिकारी को 29 अक्टूबर, 2021 को तीन साल की अतिरिक्त अवधि के लिए आरबीआई गवर्नर के रूप में फिर से नियुक्त किया गया।

### अपोलो अस्पताल ने बताया- एसिडिटी का चल रहा इलाज, उनकी हालत ठीक

अपोलो अस्पताल ने बताया कि आरबीआई गवर्नर का चेन्नई में एसिडिटी का इलाज चल रहा है और उनकी हालत ठीक है। अस्पताल के मुताबिक भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास को कल रात चेन्नई में ह्यएसिडिटीह्व के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया और अब उनकी हालत ठीक है। उनका इलाज कर रही प्रमुख स्वास्थ्य सेवा कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दास को यहां अपोलो अस्पताल में निगरानी के लिए भर्ती कराया गया है। अपोलो अस्पताल के चिकित्सा सेवा निदेशक डॉ. आर.के. वेंकटसालम द्वारा जारी मेडिकल बुलेटिन में कहा गया, अब उनकी हालत ठीक है और चिंता की कोई बात नहीं है। उन्हें जल्द ही छुट्टी दे दी जाएगी।

# भारत ने बेहतर गुणवत्ता वाली औपचारिक क्षेत्र की नौकरियों में दर्ज की वृद्धि

**नई दिल्ली।** औपचारिक क्षेत्र में भारत का रोजगार चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के दौरान तेजी से बढ़ा है। औपचारिक क्षेत्र, जो कि बेहतर क्वालिटी जॉब्स प्रदान करता है, में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में तीन सोशल सिक्योरिटी स्कीम में नई एंट्री हुई है। कर्मचारी भविष्य निधि योजना में बड़े संगठनों और बेहतर वेतन वाले कर्मचारियों को लेकर नए रजिस्ट्रेशन पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में 2.3 प्रतिशत बढ़कर 6.1 मिलियन हो गए। कर्मचारी राज्य बीमा निगम में छोटे संगठनों को लेकर नए रजिस्ट्रेशन चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के दौरान 5.2 प्रतिशत बढ़कर 9.3 मिलियन हो गए।

इसी तरह, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में सब्सक्रिप्शन भी 6.8 प्रतिशत अधिक रही, जो बेहतर नौकरी पाने वाले कर्मचारियों की बढ़ती संख्या को दशार्ती है। नौकरियों की गुणवत्ता में यह सुधार वित्त मंत्रालय की अर्थव्यवस्था की नवीनतम मासिक समीक्षा में भी देखा गया है। वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया है, संगठित क्षेत्रों में युवाओं की बढ़ती संख्या और मैन्युफैक्चरिंग जॉब्स बढ़ने के साथ रोजगार को लेकर औपचारिक वर्कफोर्स का विस्तार हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, कर्मचारी भविष्य



निधि संगठन (ईपीएफओ) ने सितंबर 2024 में 9.5 लाख नए सदस्य जोड़े। सितंबर 2024 में जोड़े गए नए सदस्यों में से 59.9 प्रतिशत 18-25 आयु वर्ग के थे, जो संगठित वर्कफोर्स में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्तियों के युवा होने के संकेत हैं। परचेसिंग मैनेजर का एम्प्लॉयमेंट सब-इंडेक्स मजबूत रहा, जो अक्टूबर में लगातार आठवें महीने विस्तार में रहा।

# कृषि की अच्छी उपज से घटेगी खाद्य वस्तुओं की महंगाई

## देशों के बीच तनाव से आपूर्ति शृंखला पर असर

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक मानसून की अच्छी स्थिति, बढ़े हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य और खेती में इस्तेमाल होने वाले माल की पर्याप्त आपूर्ति से कृषि को लाभ मिलेगा। सरकार के मुताबिक निर्यात सुधार में चुनौतियां अब भी बरकरार हैं। कृषि की बेहतर उपज से आने वाले महीनों में जरूरी वस्तुओं की खाद्य महंगाई में गिरावट आएगी। हालांकि, कई देशों के बीच तनाव से आपूर्ति शृंखला प्रभावित भी हो सकती है। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को जारी अक्तूबर की रिपोर्ट में कहा, मानसून की अच्छी स्थिति, बढ़े हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य और खेती में इस्तेमाल होने वाले माल की पर्याप्त आपूर्ति से कृषि को लाभ मिलेगा। रिपोर्ट के अनुसार, बेहतर कृषि उपज की संभावनाओं ने चुनिंदा खाद्य वस्तुओं में मौजूदा मूल्य दबावों के बावजूद महंगाई के परिदृश्य को नरम बना दिया है। नवंबर के रुझानों और खरीफ की बंपर फसल से आने वाले महीनों में खाद्य महंगाई कम होगी। आर्थिक गतिविधियों के कई संकेतकों ने अक्तूबर में अच्छी वापसी दिखाई है। इसमें ग्रामीण और शहरी मांग प्रमुख है। निर्यात सुधार में चुनौतियां



अब भी बरकरार रिपोर्ट के अनुसार, औपचारिक कार्यबल का विस्तार हो रहा है। विनिर्माण क्षेत्र की नौकरियों में उल्लेखनीय वृद्धि और संगठित क्षेत्रों में युवाओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। विकसित बाजारों में मांग में नरमी के कारण भारत के निर्यात सुधार को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। सेवा क्षेत्र के व्यापार में अच्छी तेजी बनी हुई है। इस साल अप्रैल से अगस्त के बीच शुद्ध विदेशी प्रत्यक्ष निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।

# भारतीय शेयर बाजार सीमित दायरे में बंद ऑटो शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी दिन सीमित दायरे में बंद हुआ। कारोबार के अंत में ऑटो सेक्टर में भारी बिकवाली देखने को मिली। सेंसेक्स 105.79 अंक या 0.13 प्रतिशत गिरने के बाद 80,004 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 27.40 अंक या 0.11 प्रतिशत की गिरावट के बाद 24,194.50 पर बंद हुआ।

निफ्टी बैंक 16 अंक या 0.03 प्रतिशत गिरने के बाद 52,191.50 पर आ गया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स कारोबार के अंत में 13.85 अंक या 0.02 प्रतिशत की मामूली बढ़त के बाद 55,914.40 पर बंद हुआ। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 149.45 अंक या 0.83 प्रतिशत चढ़ने के बाद 18,265.30 पर बंद हुआ।

एएसआईटी सी मेहता इंवेस्टमेंट इंटरमीडिएट्स लिमिटेड के ऋषिकेश येदवे ने कहा, निफ्टी ने एक गैप-अप के साथ शुरूआत की, फिर पूरे दिन सीमित दायरे में स्थिरता देखी गई और बाद में 24,222 के स्तर पर बंद हुआ। वोलैटिलिटी इंडेक्स इंडिया वीआईएक्स 4.93 प्रतिशत गिरकर 15.30 पर आ गया, जो बाजार में उतार-चढ़ाव में कमी का संकेत है। निफ्टी के



ऑटो, फाइनेंशियल सर्विस, फार्मा, एनर्जी, प्राइवेट बैंक, इंफ्रा, कमोडिटीज सेक्टर में बिकवाली रही। वहीं, आईटी, पीएसयू बैंक, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी और मीडिया सेक्टर में खरीदारी रही। सेंसेक्स पैक में अल्ट्राटेक सीमेंट, सनफार्मा, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, एम एंड एम, एलएंडटी, एक्सिस बैंक और मारुति टॉप लूजर्स रहे। वहीं, एशियन पेंट्स, इंफोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील, टीसीएस, टाटा स्टील और इंडसइंड बैंक टॉप गेनर्स रहे। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,288 शेयर हरे, 1,634 शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे थे। वहीं, 109 शेयर में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं रहा। बाजार जानकारों ने कहा कि कुछ उतार-चढ़ाव के बावजूद, बाजार में आईटी और एफएमसीजी क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन से तेजी आई। इस तेजी ने ऑटो जैसे अन्य क्षेत्रों में गिरावट को कम करने में मदद की।

भारतीय करेंसी (मुद्रा) की बात करें तो रुपये में उतार-चढ़ाव 84.35 के दायरे में रहा, क्योंकि डॉलर 107 डॉलर के आसपास स्थिर रहा।

एलकेपी सिक्योरिटी के जतिन त्रिवेदी ने कहा, कच्चे तेल की रिकवरी ने मुद्रा में उतार-चढ़ाव में योगदान दिया। इसमें थोड़ी कमजोरी भी देखी गई। पूंजी बाजारों में सकारात्मक गति ने रुपये को कुछ समर्थन प्रदान किया, जिससे व्यापक वैश्विक दबावों की भरपाई हुई। रुपये की तत्काल सीमा 84.10 और 84.45 के बीच होने का अनुमान है, जिसमें बाजार की धारणा और डॉलर सूचकांक की चाल आगे की कार्रवाई को संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- वे किसान जिन्होंने किसी नाम से अपनी गायों को बुलाया है, उन लोगों ने ऐसा ना करने वालों की तुलना में 258 लीटर अधिक दूध उपज दर्ज किया है।
- क्या आप जानते हैं? अधिकांश गायों ने संगीत को सुनने के दौरान अधिक दूध दिया है।
- पूर्वी एशिया में, मंगोलिया में दूध का भारी मात्रा में इस्तेमाल किया गया था, लेकिन चीन में दूध की खपत अलग-अलग शैली में परिवर्तित होती रहती थी। दक्षिण कोरिया से आयातित गायों से जापानी डेयरी उत्पादों का उपभोग किया गया था!
- आपको जानकर आश्चर्य होगा की दूध की बाल्टी में एक मेंढक डालने से दूध को खारा होने से बचाने का एक प्राचीन रूसी तरीका था। इस पद्धति का अध्ययन करके, वैज्ञानिकों ने नए एंटीबायोटिक पदार्थों के धन की पहचान की है।
- क्या आप जानते हैं? याक का दूध गुलाबी होता है!
- दूध ही एकमात्र पूर्ण खाना है जिससे आप पूरी तरह से जीवित रह सकते हैं, जिससे आपके शरीर के हर पोषक तत्व को जीवित रहने की आवश्यकता होती है!

### भारत के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में दिखा जबरदस्त उछाल राजस्व 17.6 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में भारत के हेल्थकेयर सेक्टर के राजस्व में उछाल दर्ज हुआ है। एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, इस अवधि के दौरान हेल्थकेयर सेक्टर का राजस्व सालाना आधार पर 17.6 प्रतिशत बढ़ा। एक्सिस सिक्योरिटीज की लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, हेल्थकेयर सेक्टर के राजस्व में तिमाही आधार पर 10.4 प्रतिशत वृद्धि हुई। हेल्थ केयर सेक्टर के राजस्व में बढ़ोतरी का कारण हॉस्पिटल ऑक्यूपेंसी रेट का बढ़ना था।

## राशिफल

**मेष :** छोटी-मोटी यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य को उत्साह व प्रसन्नता से कर पाएगा।

**वृष :** किसी पुरानी व्याधि के उभरने की संभावना है। जल्दबाजी में कोई कार्य न करें। किसी व्यक्ति विशेष से विवाद हो सकता है।

**मिथुन :** प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। समाजसेवा करने की प्रेरणा प्राप्त होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी।

**कर्क :** घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**सिंह :** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है।

**कन्या :** कोई आकस्मिक खर्च सामने आ सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है। पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है।

**तुला :** कुसंगति से हानि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। रुका हुआ पैसा जैसे एरियर, कमीशन व किराया आदि प्राप्त हो सकता है।

**वृश्चिक :** किसी धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**धनु :** पूजा-पाठ में मन लगेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर प्रतिद्वंद्विता में कमी होगी। भाग्य का साथ रहेगा। मित्रों तथा पारिवारिक सहयोग से काम बनेंगे।

**मकर :** चोट व दुर्घटना के प्रति सावधानी आवश्यक है। किसी व्यक्ति से बेबात बहस हो सकती है। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ :** प्रेम-प्रसंग में मधुरता रहेगी। व्यस्तता रहेगी। किसी सरकारी कार्यालय में अटका काम मनोनुकूल रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मीन :** किसी तरह की झंझट में न पड़ें। बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं।

## चुटकुले

सास ने फ्रिज खोला तो गुस्से में बहू को आवाज लगाई
बहू : ये मंदिर का घंटा फ्रिज में क्यों रखा है, पागल हो गई है क्या
बहू : मांजी आपने ही तो कहा था कि आटा गूंथने के बाद एक घंटा फ्रिज में रखना....

---

सास : बहू कहां हो तुम?
बहू : होटल में हूं बहुत तेज बहुत भूख लग रही थी है, इसलिए यहां खाना खा रही हूं, आप कहां हो सासू मां?
सास : लंगर में
तुम्हारे पीछे लाइन में खड़ी हूं, खीर मेरे लिए भी ले लेना...




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# आईपीएल 2025 की नीलामी संपन्न, लाइमलाइट में रहे ऋषभ पंत

## 13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे युवा खिलाड़ी, राजस्थान रॉयल्स ने 1.10 करोड़ रुपये में खरीदा


13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी

**जेद्दा, 26 नवंबर।** आईपीएल 2025 सीजन की मेगा नीलामी पूरी हो चुकी है और हर फ्रेंचाइजी ने अपने स्क्वॉड तैयार कर लिए हैं। ऋषभ पंत ऑक्शन की लाइमलाइट रहे, जिन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपये में खरीदा है।

यह अब तक किसी भी खिलाड़ी को मिली सबसे ज्यादा रकम है। जबकि, 13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें राजस्थान रॉयल्स ने 1.10 करोड़ रुपये में खरीद लिया।

आईपीएल 2025 से पहले, 10 टीमों ने नीलामी में 62 विदेशी सहित 182 खिलाड़ियों को साइन करने के लिए 639.15 करोड़ रुपये खर्च किए।

पंत के अलावा, श्रेयस अय्यर और वेंकटेश अय्यर को क्रमशः पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स ने 26.75 करोड़ रुपये और 23.75 करोड़ रुपये की भारी भरकम कीमत पर खरीदा।

अन्य खिलाड़ियों में अर्शदीप सिंह और युजवेंद्र चहल को पंजाब किंग्स से 18-18 करोड़ रुपये की समान कीमत पर खरीदा गया जबकि जोस बटलर को गुजरात टाइटंस ने 15.75 करोड़ रुपये में खरीदा।

नीलामी के बाद सभी 10 टीमें देखने में काफी मजबूत नजर आ रही हैं। यह कहना बेहद मुश्किल है कि कौन कमजोर होगा और कौन मजबूत। नीलामी टेबल पर बैठे सभी टीम के कर्ताधर्ताओं ने काफी होमवर्क किया था, जो नीलामी के दौरान नजर आया। खास तौर पर लखनऊ, दिल्ली और राजस्थान की फ्रेंचाइजी ने खिलाड़ियों के चयन में बहुत बारीकी दिखाई। सभी टीमों को होम और अवे मैच खेलने हैं। ऐसे में कुछ टीमें घर में मजबूत होंगी, तो कुछ दूसरे के घर में जाकर धमाल मचा सकती हैं, लेकिन एक बात तय है कि नए कप्तान, कोच और खिलाड़ियों के साथ कुछ टीमें इस बार दमदार कमबैक करने वाली हैं। जबकि पुरानी चैंपियन टीमें भी अपनी धाक बरकरार रखना चाहेगी।



**अर्शदीप सिंह और युजवेंद्र चहल को पंजाब किंग्स से 18-18 करोड़ रुपये की समान कीमत पर खरीदा गया जबकि जोस बटलर को गुजरात टाइटंस ने 15.75 करोड़ रुपये में खरीदा।**

### आईपीएल 2025 की सभी 10 टीमें

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पांड्या (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, ट्रेंट बोल्ट, नमन धीर, रॉबिन मिंज, कर्ण शर्मा, रयान रिकेल्टन, दीपक चाहर, अल्लाह गजनफर, विल जैक, अश्विनी कुमार, मिचेल सेंटनर, रीस टॉपले, श्रीजीत कृष्णन, राज अंगद बावा, वेंकट सत्यनारायण राजू, बेवॉन जैकब्स, अर्जुन तेंदुलकर, लिजाद विलियम्स, विग्नेश पुथुर, सूर्यकुमार यादव।

**पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, शशांक सिंह, प्रभसिमरन सिंह, हरप्रीत बराड़, विजयकुमार विशाक, यश ठाकुर, मार्को जेनसन, जोश इंग्लिस, लॉकी फर्ग्यूसन, अजमतुल्लाह उमरजई, हरनूर पन्नू, कुलदीप सेन , प्रियांश आर्य, आरोन हार्डी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, जेवियर बार्टलेट, पायला अविनाश, प्रवीण दुबे, नेहल वढेरा।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** विराट कोहली, रजत पाटीदार, यश दयाल, जोश हेजलवुड, फिल साल्ट, जितेश शर्मा, लियाम लिविंगस्टोन, रसिख डार, सुयश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, नुवान तुषारा, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, देवदत्त पडिक्कल, स्वास्तिक चिकारा, लुंगी एनगिडी, अभिनंदन सिंह, मोहित राठी।

**सनराइजर्स हैदराबाद:** पैट कमिंस (कप्तान), ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा, हेनरिक क्लासेन, नितीश रेड्डी, इशान किशन, मोहम्मद शमी, हर्षल पटेल, राहुल चाहर, एडम जम्पा, अथर्व तायडे, अभिनव मनोहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट , ब्रायडन कार्से, कामिंदु मेंडिस, अनिकेत वर्मा, ईशान मलिंगा, सचिन बेबी।

**चेन्नई सुपर किंग्स:** ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, मथीशा पथिराना, नूर अहमद, रविचंद्रन अश्विन, डेवोन कॉन्वे, सैयद खलील अहमद, रचिन रवींद्र, राहुल त्रिपाठी, विजय शंकर, सम करन, शेख राशिद, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी, दीपक हुड्डा, गुरजनप्रीत सिंह, नाथन एलिस, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्णन घोष, श्रेयस गोपाल, वंश बेदी, आंद्रे सिद्धार्थ।

**दिल्ली कैपिटल्स:** केएल राहुल, हैरी ब्रूक, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, करुण नायर, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, टी नटराजन, मिचेल स्टार्क, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, मोहित शर्मा, फाफ डु प्लेसिस, मुकेश कुमार, दर्शन नालकंडे, विप्रज निगम, दुष्मंता चमीरा, डोनोवन फरेरा, अजय मंडल, मनवंत कुमार, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी।

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर, बी साई सुदर्शन, शाहरुख खान, कगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, राहुल तेवतिया, राशिद खान, निशांत सिंधु, महिपाल लोमरोर, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, मानव सुथार, वाशिंगटन सुंदर, गेराल्ड कोएट्जी, मोहम्मद अरशद खान, गुरनूर सिंह बराड़, शेरफेन रदरफोर्ड, आर. साई किशोर, इशांत शर्मा, जयंत यादव, ग्लेन फिलिप्स, करीम जनत, कुलवंत खेजरोलिया।


लाइमलाइट रहे ऋषभ पंत

**लखनऊ सुपर जाइंट्स:** ऋषभ पंत, डेविड मिलर, एडेन मार्कराम, निकोलस पूरन, मिचेल मार्श, आवेश खान, मयंक यादव, मोहसिन खान, रवि बिश्नोई, अब्दुल समद, आर्यन जुयाल, आकाश दीप, हिम्मत सिंह, एम सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, शाहबाज अहमद, आकाश सिंह, शमर जोसेफ, प्रिंस यादव, युवराज चौधरी, राजवर्धन हंगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, मैथ्यू ब्रीत्जके।

# मेगा नीलामी में बिके 5 सबसे महंगे खिलाड़ी

## 72 खिलाड़ियों पर खर्च किए गए 467.95 करोड़ रुपये




**नई दिल्ली, 26 नवंबर।** सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित आईपीएल 2025 की नीलामी में कई रिकॉर्ड तोड़ने वाले सौदे देखने को मिले। 72 खिलाड़ियों पर 467.95 करोड़ रुपये खर्च करने के साथ, फ्रेंचाइजी ने अपनी टीमों को मजबूत करने के लिए पैसे लुटाने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई। नीलामी का मुख्य आकर्षण ऋषभ पंत रहे, जिन्होंने नीलामी के सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। लखनऊ सुपर जायंट्स ने इस स्टार विकेट कीपर को 27 करोड़ रुपये में खरीदा।

**ऋषभ पंत (27 करोड़, लखनऊ):** ऋषभ पंत आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपये में खरीदा। लखनऊ ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स जैसी टीमों के खिलाफ बोली लगाई, जिसमें दिल्ली कैपिटल्स अपने पूर्व कप्तान को वापस पाने की होड़ में सबसे आगे थी। पंत, 111 मैचों में 3,284 रन और 148.9 की स्ट्राइक रेट के साथ एक शानदार बल्लेबाज हैं। साथ ही वह एक अच्छे कप्तानी विकल्प हैं, जो लखनऊ की बल्लेबाजी लाइनअप को मजबूत करेगी और नए कप्तान की तलाश को खत्म कर सकती है।

**श्रेयस अय्यर (26.75 करोड़ रुपये, पंजाब):** कोलकाता नाइट राइडर्स को 2024 में आईपीएल खिताब जिताने वाले श्रेयस अय्यर, अब पंजाब किंग्स की जर्सी में नजर आएंगे। पंजाब ने 26.75 करोड़ रुपये की मोटी रकम देकर उन्हें खरीदा है। इस बोली में पंजाब, दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता ने हिस्सा लिया था। अय्यर ने सबसे ज्यादा पैसे पाने वाले खिलाड़ी के तौर पर आईपीएल 2024 में मिशेल स्टार्क का रिकॉर्ड तोड़ दिया, लेकिन कुछ ही देर बाद पंत ने उन्हें पीछे छोड़ दिया। अपनी निरंतरता के लिए माने जाने वाले अय्यर ने 116 मैचों में 3,127 आईपीएल रन बनाए हैं। वो नए कप्तान के तौर पर पंजाब के मध्यक्रम में मजबूती लाएंगे।

**वेंकटेश अय्यर (23.75 करोड़ रुपये, केकेआर):** टीम से पहले रिलीज किए जाने के बावजूद कोलकाता नाइट राइडर्स ने वेंकटेश अय्यर को 23.75 करोड़ रुपये में फिर से हासिल करने के लिए हर संभव कोशिश की। अपने ऑलराउंडर प्रदर्शन के लिए जाने जाने वाले अय्यर ने केकेआर की सफलता में अहम भूमिका निभाई और फ्रेंचाइजी के लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी रहे हैं।

2021 में डेब्यू करने के बाद से अपने 51 आईपीएल मैचों में अय्यर ने 137.13 की स्ट्राइक रेट से 1,326 रन बनाए हैं।

**अर्शदीप सिंह (18 करोड़ रुपये, पंजाब):** भारत के टी20 टीम के मुख्य तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह का प्रदर्शन पिछले कुछ साल में शानदार रहा है। उम्मीद के मुताबिक नीलामी में उन पर कई टीमों ने दाव खेला। चेन्नई, दिल्ली, राजस्थान और गुजरात जैसी टीमों ने आक्रामक पेशकश की। हालांकि, पंजाब सुपर किंग्स ने उन्हें रिटेन करने के लिए अपने राइट टू मैच कार्ड का इस्तेमाल किया और 18 करोड़ रुपये में इस खिलाड़ी को एक बार फिर अपने साथ जोड़ा।

25 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज और टी20 विश्व कप विजेता अर्शदीप ने 65 आईपीएल मैचों में 76 विकेट लिए हैं। उन्होंने भारत के लिए अपने हालिया प्रदर्शन से प्रभावित किया है। दबाव में गेंदबाजी करने की उनकी क्षमता उन्हें पंजाब के लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनाती है।

**युजवेंद्र चहल ( 18 करोड़ रुपये, पंजाब)।** आईपीएल में 205 विकेट लेने वाले गेंदबाज युजवेंद्र चहल 18 करोड़ रुपये में पंजाब के सबसे बड़े स्पिन गेंदबाज बन गए। गुजरात, चेन्नई और लखनऊ ने शुरूआत में इस स्टार लेग स्पिनर के लिए प्रतिस्पर्धा की, लेकिन पंजाब ने आखिरकार जीत हासिल की। 160 आईपीएल मैचों में शानदार रिकॉर्ड के साथ चहल पंजाब के गेंदबाजी आक्रमण में अनुभव और मैच जीतने का हुनर दोनों लेकर आते हैं। मुंबई, बेंगलुरु और राजस्थान के साथ खेलने के बाद यह चहल की चौथी आईपीएल टीम होगी।

# पारिवारिक कारणों से ऑस्ट्रेलिया दौरा छोड़ भारत लौटेंगे गंभीर

**गंभीर निजी कारणों से भारत लौट आए हैं, लेकिन 6 दिसंबर को एडिलेड में होने वाले डे-नाइट टेस्ट से पहले उनके टीम से जुड़ने की उम्मीद है।**



**नई दिल्ली, 26 नवंबर।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ऑस्ट्रेलिया से वापस आ रहे हैं। टीम इंडिया 30 नवंबर से कैनबरा में प्रधानमंत्री इलेवन के खिलाफ होने वाले दो दिवसीय अभ्यास मैच में मुख्य कोच के बिना मैदान में उतरेगी। बताया जा रहा है कि पारिवारिक कारणों से गंभीर स्वदेश लौट रहे हैं, लेकिन दूसरे टेस्ट से पहले उनके ऑस्ट्रेलिया लौटने की संभावना है।

ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, गंभीर निजी कारणों से भारत लौट आए हैं, लेकिन 6 दिसंबर को एडिलेड में होने वाले डे-नाइट टेस्ट से पहले उनके टीम से जुड़ने की उम्मीद है। कैनबरा में होने वाला अभ्यास मैच हालांकि दिन में खेला जाएगा, लेकिन इसमें गुलाबी कूकाबुरा गेंद का इस्तेमाल किया जाएगा।

न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में 0-3 से क्लीन स्वीप होने के बाद ऑस्ट्रेलिया सरजमीं पर भारत ने दमदार कमबैक किया। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में पांच मैचों की सीरीज में भारत 1-0 से आगे है।

भारतीय टीम गंभीर की अनुपस्थिति में तैयारियों की देखरेख के लिए सहायक कोच अभिषेक नायर, रयान टेन डोशेट और मोर्ने मोर्केल पर निर्भर रहेगी।

इस बीच, कप्तान रोहित शर्मा की वापसी से भारत को मजबूती मिली है, जो पितृत्व अवकाश (पैटरनिटी लीव) के कारण पहले टेस्ट से बाहर रहे थे। हालांकि, रोहित की वापसी के साथ प्लेइंग-11 का चयन थोड़ा पेचीदा हो गया है।

अगर अंगूठे की चोट से उबर रहे शुभमन गिल पूरी तरह से फिट हो जाते हैं, तो भारत को अपनी बल्लेबाजी लाइन-अप को संतुलित करने में और चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। हालांकि, गिल के ठीक होने पर कोई आधिकारिक अपडेट नहीं है।

# कोयंबटूर में इंडियन रेसिंग फेस्टिवल पर बोले अर्जुन कपूर, 'बचपन से रहा है कारों का शौक'




**मुंबई, 26 नवंबर।** हाल में रिलीज 'सिंघम अगेन' की सफलता का आनंद ले रहे अभिनेता अर्जुन कपूर ने कोयंबटूर में इंडियन रेसिंग फेस्टिवल में भाग लिया। अभिनेता ने आईएएनएस से बातचीत की और बताया कि मोटरस्पोर्ट्स के प्रति उनका खासा लगाव है।

अर्जुन कपूर ने मोटरस्पोर्ट्स के प्रति अपने जुनून, इंडियन रेसिंग फेस्टिवल से अपने जुड़ाव और नए साल की योजनाओं के बारे में बात की। उन्होंने बताया, मैंने वास्तव में जुनून महसूस किया और कहा, चलो इस मौके का फायदा उठाते हैं। मैं बचपन से ही कारों का बहुत शौकीन रहा हूं। यह मेरे लिए बहुत ही आसान और स्वाभाविक जुड़ाव रहा। तेवर अभिनेता ने कहा, मैं इस बात से उत्साहित था कि भारत में मोटर स्पोर्ट्स में इस स्तर पर कुछ नया हो रहा है। चेन्नई में नाइट रेस का स्तर अविश्वसनीय था। लीग का स्तर बहुत ऊंचा है। सौरव गांगुली, नागा चैतन्य, जॉन अब्राहम का जिक्र कर उन्होंने कहा कि ऐसे लोग ध्यान आकर्षित कर सकते हैं।

अर्जुन कपूर ने भारत में मोटर स्पोर्ट्स के भविष्य पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, भारत में क्रिकेट एक आदत है और मैं कहूंगा कि अब मोटर स्पोर्ट्स भी आदत का हिस्सा बन रहा है। वास्तव में क्रिकेट क्रेजी करने वाला गेम है। 'सिंघम अगेन' की सफलता के बारे में अर्जुन ने कहा, एक अभिनेता इसी सफलता के लिए काम करता है। सिंघम अगेन में मेरे किरदार को मिली प्रतिक्रिया जबरदस्त रही है। अर्जुन ने यह भी कहा कि वह नए साल पर वेकेशन पर जा रहे हैं। हालांकि, वह कहां जा रहे हैं, यह उन्होंने खुलासा नहीं किया है।

'सिंघम अगेन' दीपावली के मौके पर 1 नवंबर को रिलीज हुई थी। फिल्म में अर्जुन कपूर ने खलनायक का शानदार रोल प्ले किया है।

# आईपीएल 2025 ऑक्शन : क्रिकेट जगत के वो 5 बड़े नाम जो रह गए अनसोल्ड



**नई दिल्ली, 26 नवंबर ।** आईपीएल 2025 को लेकर रोमांच और बढ़ चुका है। इस बार सभी 10 टीमें कई नए खिलाड़ियों के साथ नजर आएंगी। टूर्नामेंट के आगाज से पहले दो दिवसीय मेगा ऑक्शन सऊदी अरब के जेद्दा में खत्म हो चुका है और कुछ टीमें अब नए कोच और कप्तान के साथ ट्रॉफी की दावेदारी पेश करने के लिए बेताब हैं।

इस बार दिग्गज बल्लेबाज, खतरनाक गेंदबाज समेत स्टार ऑलराउंडर भी अनसोल्ड रह गए।

**डेविड वॉर्नर (बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये):** यह आईपीएल में सबसे यादगार करियर में से एक का अंत है। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ओपनर को 2 करोड़ रुपये में कोई खरीदार नहीं मिला। अब सवाल यह है कि क्या हम उन्हें कमेंटेटर के तौर पर टूर्नामेंट में देखेंगे? वह पहले दिन की ही तरह दूसरे दिन भी अनसोल्ड रहे। डेविड वॉर्नर का ना बिकना हैरानी की बात रही।

**पृथ्वी शॉ (बेस प्राइस 75 लाख रुपये):** दिल्ली कैपिटल्स से रिलीज किए जाने के बाद कोई भी इस ओपनर को नहीं खरीदना चाहता था। उन्होंने कैपिटल्स के साथ अपने करियर की शुरूआत की और 79 मैच खेले, जिसमें 1893 रन बनाए।

**शार्दुल ठाकुर (बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये):** इस स्टार ऑलराउंडर का अनसोल्ड रहना एक बहुत बड़ा आश्चर्य था। चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के लिए अपनी छाप छोड़ने के बाद, शार्दुल को अच्छी डील मिलने की उम्मीद थी। हालांकि, वह नीलामी के दूसरे दिन आए जब टीमों के पास बहुत ज्यादा पैसे नहीं थे।

**जेम्स एंडरसन (बेस प्राइस 1.25 करोड़ रुपये):** क्रिकेट फैंस को पूरी उम्मीद थी कि दुनिया में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन पर भी बंपर बोली लगेगी। इंग्लैंड के इस दिग्गज गेंदबाज ने अपने करियर में पहली बार नीलामी के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था। यहां तक कि दिग्गज खिलाड़ियों को खरीदने के लिए मशहूर सीएसके ने भी एंडरसन को नहीं खरीदा। उनको बोली प्रक्रिया से भी बाहर रखा गया।

**डेरिल मिचेल (बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये):** न्यूजीलैंड के इस दिग्गज खिलाड़ी ने 2 करोड़ रुपये के बेस प्राइस पर आईपीएल 2025 मेगा नीलामी के लिए खुद को रजिस्टर किया था। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने आईपीएल के पिछले संस्करण में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेला था लेकिन वह भी इस बार अनसोल्ड रहे।



# सोफी एक्लेस्टोन को महिला टी20 खिलाड़ी रैंकिंग में मिली बड़ी बढ़त

**दुबई, 26 नवंबर।** इंग्लैंड की सफेद गेंद की खिलाड़ी सोफी एक्लेस्टोन और नैट साइवर-ब्रंट ने मंगलवार को जारी आईसीसी महिला टी20 खिलाड़ी रैंकिंग में बढ़त हासिल की है।

हीथर नाइट की टीम ने हाल ही में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में शुरूआती हार के बाद तेजी से वापसी की, जब उन्होंने हाल ही में ईस्ट लंदन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला का पहला मैच जीता और उनके कई स्टार खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया।

इंग्लैंड की स्पिनर एक्लेस्टोन ने प्रोटियाज के खिलाफ 1/18 के अपने शानदार प्रदर्शन के बाद गेंदबाजों की टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी बढ़त बढ़ा ली है जबकि, उनकी टीम की साथी चार्ली डीन उसी मैच में दो विकेट लेने के बाद चार स्थान के फायदे से 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं।ऑलराउंडर नैट साइवर-ब्रंट ने बल्ले से शानदार 59 रन का योगदान दिया और अपने प्रयासों के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। 32 वर्षीय खिलाड़ी टी20 बल्लेबाजों की नई रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से 14वें स्थान पर पहुंच गईं।सफल रन चेज के दौरान साइवर-ब्रंट ने एमी जोन्स के साथ अर्धशतकीय साझेदारी की और इंग्लैंड की यह विकेटकीपर 31 रन के योगदान के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में एक स्थान के सुधार के साथ 29वें स्थान पर पहुंच गयी। ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी बेथ मूनी और ताहलिया मैक्ग्रा अभी भी टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष दो स्थानों पर काबिज हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ट बफेलो पार्क मैदान पर 22 रन की पारी के बाद तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं।

चार विकेट से हार के बाद दक्षिण अफ्रीका के लिए यह बुरी खबर नहीं थी, ऑलराउंडर नादिन डी क्लार्क ने इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 29 रन और दो विकेट लेने के बाद कुछ श्रेणियों में बड़ा सुधार किया है।

# प्रदीप चौधरी की सुपुत्री आंचल का शुभ विवाह धूमधाम से संपन्न



गाजियाबाद करंट क्राइम। बीजेपी के महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी की सुपुत्री आंचल का शुभ विवाह सुमित के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर वर वधु को आशीर्वाद शुभाशीष प्रदान किया।

# भूपेंद्र उपाध्याय ने महाराजपुर में लगवाई स्ट्रीट लाइटें, कहा : कोई भी काम बीच में नहीं रूकेगा



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 41 महाराजपुर की सड़कों पर मंगलवार को नई स्ट्रीट लाइट्स लगाई गईं। पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने बताया कि वार्ड 41 के महाराजपुर में निगम द्वारा जो स्ट्रीट लाइट दी गई थीं उन्हें लगवाया गया है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल वार्ड की सड़कें रोशन होंगी बल्कि इनसे सौंदर्य भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि वार्ड में जितने भी विकास कार्य चल रहे हैं, उन सभी विकास कार्यों को तेजी के साथ पूरा किया जाएगा। किसी भी योजना को बीच में रुकने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो लाइट खराब थीं उन्हें भी ठीक कराया गया है।

पानी की लाइन पहले ही डलवा दी गई हैं जो अंदरूनी कुछ सड़कें हैं, उनको भी बनवाने का प्रयास कर रहा हूं। नगर निगम के सहयोग से वार्ड का विकास हो रहा है, मेरा यही प्रयास रहेगा कि वार्ड में कोई समस्या ना हो।

# ठेला लगाने को लेकर दो पक्ष भिड़े जमकर हुई मारपीट, लाठी-डंडे भी चले

**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ में कोतवाली देहात इलाके के गांव असौड़ा में साप्ताहिक बाजार ठेला लगाने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई। जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस द्वारा मामले की जांच पड़ताल कर कार्यवाही का दावा किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार गांव असौड़ा में साप्ताहिक बाजार लगता है। साप्ताहिक बाजार में ठेला लगाने को लेकर आपस में दो पक्षों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मामला मारपीट में बदल गया। इस दौरान दोनों पक्षों की ओर से जमकर लाठी डंडे चले।



## पुलिस कर रही मामले की जांच

मारपीट होने पर बाजार में अफरा तफरी मच गई। इस दौरान काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहीं मारपीट की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। तब जाकर मामला शांत हुआ। इसी बीच मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

सीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि किसी भी पक्ष की ओर से अभी तक तहरीर नहीं मिली है। तहरीर आने पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

# मकानों पर बुलडोजर चलाने के विरोध में तहसील पर किया प्रदर्शन



**मोदीनगर करंट क्राइम।** लगभग तीस वर्ष से भी अधिक समय से बने मकानों पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त करने के विरोध में ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय पर जोरदार प्रदश्र्शन करते हुये अपना विरोध जताते हुये एसडीएम को संबोधित ज्ञापन एसीपी को सौपते हुये न्याय की गुहार लगाई।

मंगलवार को गांव भोजपुर के दर्जनों ग्रामीण एकजुट होकर तहसील पंहुचे और उन्होंने जमकर हंगामा, प्रदर्शन व नारेबाजी करते हुये प्रदर्शनकारियों ने बताया कि उन्होने ग्रामीण व्यवस्था के अनुसार एक किसान से करीब तीस वर्ष पूर्व मकान बनाने के लिये जमीन खरीदी थी। इसके बाद वह वहां मकान बनाकर रहने लगे। आरोप है कि विक्रेता की मौत के बाद उसके परिजनों ने धोखे से किसी अन्य को उक्त जमीन का बैनामा कर दिया। कथित खरीदार ने उन्हें जाति सूचक शब्द कहते हुए जमीन खाली करने की धमकी दी और शुक्रवार को बुलडोजर चलावा उनके मकान ध्वस्त करा दिए। इससे वह बेघर हो गए। मकान ध्वस्त होने के कारण बढ़ती ठंड में उनके सामने रहने का संकट पैदा हो गया। प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी कार्यालय में दिया और एसीपी से मुलाकात की। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने उन्हें जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों में महेशचंद, बलवीर, ओमप्रकाश, विजयपाल, सुखपाल, अजीत आदि सहित कई लोग मौजूद रहें।

# नोएडा में खड़े वाहनों में लगी आग 6 से ज्यादा गाड़ियां जल कर राख हुईं

**नोएडा करंट क्राइम।** बिसरख थाना क्षेत्र के अंतर्गत मयूर गोल्ड अपार्टमेंट बालाजी एनक्लेव में रात में अचानक ग्राउंड फ्लोर पर खड़ी हुई गाड़ी में अचानक से आग लग गई। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में रात में आग का तांडव देखने को मिला, जहां पार्किंग में खड़ी हुई एक गाड़ी में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई और उसके बाद यह आग लगातार बढ़ती चली गई और वहां पर खड़ी हुई अन्य गाड़ियां भी इसकी चपेट में आ गईं। इस दौरान आधा दर्जन वाहन जलकर राख हो गए। सूचना के बाद दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया।



बिसरख थाना क्षेत्र के अंतर्गत मयूर गोल्ड अपार्टमेंट बालाजी एनक्लेव में रात में अचानक ग्राउंड फ्लोर पर खड़ी हुई गाड़ी में अचानक से आग लग गई। यह आग रात में करीब 1 बजे लगी। इस दौरान सभी लोग सोए हुए थे जैसे ही आग लगी अफरा तफरी का माहौल हो गया और लोग उस आग को बुझाने की कोशिश करने लगे। आग तेजी से लगातार बढ़ती चली गई और उसने पास में खड़ी हुई एक अन्य कार, दो मोटरसाइकिल और एक स्कूटी को भी अपनी आगोश में ले लिया। सूचना के बाद दमकल विभाग की गाड़ी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक इस आग में दो कार, दो मोटरसाइकिल, एक स्कूटी और एक स्कूटर पूरी तरह जलकर राख हो गए। जिस समय आग लगी उस समय तीसरे फ्लोर पर भी महिला और दो बच्चे मौजूद थे। आग को बुझाने के बाद उनको भी फायर यूनिट के द्वारा सुरक्षित बाहर निकाला गया, गनीमत यह रही कि इस आग में कोई भी जनहानि नहीं हुई है, आग पर समय रहते दमकल की गाड़ियों ने काबू पा लिया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। बताया जा रहा है कि एक गाड़ी में शॉर्ट सर्किट हुआ था और उसी में आग लगी थी।

# भाकियू ने कलेक्ट्रेट का किया घेराव, किसानों की मांगों को लेकर सीएम को सौंपा ज्ञापन



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ में संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने कलेक्ट्रेट का घेराव किया। इस दौरान किसानों ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। देर शाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने बताया कि किसान परेशान है। लेकिन उसकी सुध लेने को कोई तैयार नहीं है।

सिंभावली शुगर मिल में एक टरबाइन पिछले कई दिनों से बंद पड़ी है। जिसके कारण किसानों के खेत गन्ने की फसल से खाली नहीं हो पा रही है। सरकार द्वारा गन्ना मूल्य बढ़ाने की घोषणा की गई है। लेकिन अभी तक किसान को उसका लाभ नहीं मिल रहा। नहरों में पानी नही आ रहा है। जिस कारण किसानों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन टिकैत के महिला विंग जिला अध्यक्ष नीलम त्यागी, महिला विंग जिला उपाध्यक्ष पूनम शर्मा जिला महासचिव रमा शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष नोशाद अली, जिला कार्यकारणी सदस्य डॉक्टर मतलूब, गढ़ ब्लॉक, सिंभावली ब्लॉक अध्यक्ष मुनव्वर अली, जिला संरक्षक पीके वर्मा, जिला महासचिव कैप्टन राजेश चौधरी, तहसील गढ़ अध्यक्ष श्याम सुंदर त्यागी, गढ़ नगर अध्यक्ष जगबीर सिंह, प्रदीप चौधरी, बिल्लू त्यागी, ओमबीर सिंह, जन्म सिंह, अखिल चौधरी, फैजान अब्बासी, आमिर चौधरी, सुंदर गुर्जर समेत मौजूद रहे।

## आवारा पशुओं की धर पकड़

मेरठ मंडल संगठन मंत्री महिपाल सिंह ने कहा कि सिंभावली शुगर और ब्रजनाथ पुर शुगर मिल पर पिछले वर्ष का करीब 150 करोड़ रुपए है। जो अभी तक नही मिल पा रहा है। जिस कारण किसान परेशान है। आवारा पशुओं की धर पकड़ नहीं हो पा रही। जबकि सरकार द्वारा कई बार कहा गया है कि आवारा पशुओं की दर पकड़ जल्द ही कराई जाए। किसानों को यूरिया व डीएपी खाद सही ढंग से वितरण नहीं की जा रही है। जिसके किसी चलते लाखों रुपए की फसल बर्बाद हो रही है। इन मांगों को लेकर एसडीएम इला प्रकाश को एक ज्ञापन भी सौंपा गया। कार्यक्रम का संचालन कुंवर ने खुशनुद किया।

# संविधान दिवस पर एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने किया अतिथि व्याख्यान का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को सुंदर दीप कॉलेज आफ लॉ के तत्वाधान में एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संविधान की महत्ता को समझाना और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की कड़ी मेहनत और समर्पण को सलाम करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. डॉ. प्रसन्नजीत कुमार, डॉ. उर्मिला जाटव प्राचार्य सुंदरदीप कॉलेज आफ लॉ एवं डॉक्टर अवधेश प्रताप सिंह प्राचार्य सुंदरदीप कॉलेज ऑफ एजूकेशन एंड इनफार्मेशन ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसन्नजीत कुमार ने छात्रों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए संविधान की भूमिका और इसकी सामाजिक-आर्थिक प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर अतिथि व्याख्यान कॉलेज की ओर से आमंत्रित अतिथि प्रो. (डॉ.) सीमा शर्मा (एम एम एच कॉलेज गाजियाबाद) ने संबोधित किया, इस अवसर पर विभाग की सहायक-प्रोफेसर सीमा चौधरी ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं संस्थान के समस्त प्रवक्तागण मो. इमरान, आकाश सैनी, वर्तिका, सागर सक्सेना एवं समस्त स्टाफ एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।




# सिटी में किस चौकी प्रभारी पर गिरी गाज

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि आचार संहिता खत्म होने के बाद धीरे-धीरे कार्रवाई वाला मोड शुरू हो गया है। सिटी जोन के विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि सबसे टेंशन वाले थाने की लाइन के निकट वाली चौकी के प्रभारी पर कार्रवाई हो गई है। बताया जा रहा है कि उनको लाइन के दर्शन करवा दिए गए हैं। हालांकि अधिकारी और विभाग वाले कार्रवाई के पीछे की वजह को गोपनीय बनाकर चल रहे हैं, लेकिन सुनने में आया है कि खाकी वाले मामला पटाखे की बिक्री का बता रहे हैं। पर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मामला कुछ और ही सुनने में आया है। वैसे तो वह पास वाले कमिश्नरेट से आए थे और यहां आते ही उनको चौकी के दर्शन हो गए थे लेकिन कुछ ही दिनों में वह चौकी से हटा दिए गए हैं, इसके पीछे की वजह अभी साफ नहीं हुई है। उधर पुलिस विभाग वाले ही चर्चा कर रहे हैं कि प्रभारी जी का अंदाज कुछ अलग था। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि पिछली दीपावली के बाद भी यहां के प्रभारी पटाखे के वजह से पटके गए थे और इस बार भी मामला



ऐसा ही बताया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कार्रवाई वाला यह करंट सोमवार को ही दे दिया गया था लेकिन मंगलवार को थाने में इसकी दिनभर चर्चा रही। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस चौकी पर अभी नए टू-स्टार की पोस्टिंग नहीं हुई है। बताया जा रहा है यहां उसी को चांस मिलेगा, जिसको सर्किल वाले साहब पास कर देंगे। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि देहात वाले जोन के लिए भी एक थाने की सूचना इसी सप्ताह बाहर आएगी। सुनने में आया है कि प्रभारी ने जुगाड़ तो कई लगाए हैं लेकिन देहात वाले पूरे मामले पर क्या कर पाते हैं यह देखना बाकी है। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बताते हैं कि एक बार अधिकारियों की जिस पर नजर टेढ़ी होती है, उसका नुकसान हो ही जाता है। भले आदेश आने में देर सबेर हो जाए। कुल मिलाकर जिस तरीके से सिटी की एक चौकी के प्रभारी को लाइन वाला रास्ता दिखाया गया है, उससे कई थानों में हलचल बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि आचार संहिता खत्म हो चुकी है और अब कार्रवाई वाला करंट कई और जोन में भी सुनाई देने वाला है। वहीं चौकी प्रभारी की लिस्ट को लेकर भी तीनों जोन में मंथन शुरू होने की जानकारी पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों के द्वारा दी जास रही है।

# घरेलू सहायिका के साथ छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार



**लोनी, करंट क्राइम।** घरेलू सहायिका के साथ छेडछाड़ तथा अभद्र व्यवहार करने पर पुलिस ने गृहस्वामी को हिरासत में ले लिया है तथा उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि लोनी बार्डर थाने की एक कॉलोनी में रहने वाली एक महिला कॉलोनी में ही कुछ दिनों से पप्पू कबाडी के घर काम कर रही थी। आरोप है कि रविवार को कबाडी ने घरेलू सहायिका के साथ छेडखानी की और अभद्र व्यवहार किया। जिस पर महिला ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी को हिरासत में लेकर उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# यति नरसिंहानंद बोले- मेरी पर्याप्त सुरक्षा नहीं

## डासना देवी मंदिर के बाहर पुलिस व पीएसी की पिकेट, आने-जाने में असुविधा

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी लगातार चचाओं में हैं। पिछले माह ही उनके द्वारा दिए गए बयान से प्रदेश के अलग जिलों में मुस्लिम समुदाय ने प्रदर्शन किए। डासना मंदिर के बाहर हजारों की भीड़ ने मंदिर को घेर लिया। जिसके बाद मंदिर परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई। मंदिर के बाहर और अंदर 24 घंटे पुलिस व पीएसी की पिकेट है। यति नरसिंहानंद को पहले भी धमकी मिल चुकी है। जहां कई बार मंदिर में शरारती तत्वों ने सुरक्षा घेरा तोड़ने का प्रयास किया। उनका कहना है कि मंदिर की पर्याप्त सुरक्षा है, लेकिन शासन प्रशासन ने मुझे 2 गनर दिए हैं। ऐसे में मेरी सुरक्षा कम है। महामंडलेश्वर होने के नाते यूपी और दूसरे प्रदेशों में आयोजित कार्यक्रमों में भी जाना होता है, ऐसे में कई बार लगता है कि सुरक्षा कम है, कभी भी कुछ भी हो सकता है। अगले माह दिसंबर में गाजियाबाद में वह विश्व धर्म संसद का आयोजन करा रहे हैं, लेकिन अभी तक प्रशासन ने कार्यक्रम के लिए परमिशन नहीं दी है, ऐसे में वह चिंतित हैं।



## पाकिस्तान की तरह सब कुछ गंवा देंगे

महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद 23 नवंबर को अपने जारी बयान में कहा था- हिन्दुओं का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि अब भागने के लिये धरती खत्म हो चुकी है। अब भी हम जिहादियों के सामने नहीं खड़े हुए तो बांग्लादेश, पाकिस्तान, कश्मीर, अफगानिस्तान, ईरान, अरब की तरह भारत से भी सब कुछ गंवा कर खत्म हो जायेंगे।

## मुस्लिमों के खिलाफ देते रहे हैं बयान

महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद ने 3 दिन पहले बरेली के आईएमसी मुखिया मौलाना तौकीर रजा के सामने रामलीला मैदान से जाने के लिए कहा। इससे पहले ही गाजियाबाद पुलिस ने महामंडलेश्वर को निगरानी में ले लिया। उनके शिष्यों पर भी नजर रखी। बाद में उन्होंने मंदिर के बाहर ही हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि शाहीन बाग और किसान आंदोलन के समय सरकार इस्लामिक जिहादियों और राष्ट्र विरोधी शक्तियों की भीड़ से डर गई थी। जिसके कारण सरकार ने नागरिकता संशोधन विधेयक और कृषि सुधार विधेयक को वापस ले लिया। यदि इस बार तौकीर रजा भीड़ दिखाकर सरकार को डराने में सफल हो गया तो वक्फ बोर्ड सुधार की बात हमेशा के लिये खत्म हो जाएगी।

# एसआरएम में छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ



**मोदीनगर करंट क्राइम।** एसआरएम आईएसटी के इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग (ईईई) द्वारा आयोजित इलेक्ट्रिक वाहन, भारतीय परिदृश्य में भविष्य की स्थिरता के लिए एक उभरती हुई तकनीक पर आईसीटीई प्रशिक्षण और शिक्षण (अटल) अकादमी द्वारा वित्त पोषित छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हियोकी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड जापान के महाप्रबंधक (आर एंड डी) नत्सुकी मियाशिता उपस्थित रहे उन्होंनेक मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। अटल एफडीपी के समन्वयक डॉ0 जितेंद्र कुमार ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और प्रतिभागियों को इस छह दिवसीय अटल एफडीपी के महत्व और उद्देश्य के बारे में संबोधित किया। डॉ0 प्रो0 आरपी महापात्रा, डॉ0 प्रो0 धौम्य भट्ट ने भी ईवी और इसके भविष्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपने विचार व्यक्त किये। यह कार्यक्रम छह दिन तक उक्त संस्थान में आयोाजित किया जायेंगा। विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों के लगभग 50 से अधिक प्रतिभागी इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

# हर 10 मिनट में एक महिला की मौत

## महिलाओं को जान से मारने की भयावह वास्तविकता



**नई दिल्ली ।** वर्ष 2023 में हर दिन 140 महिलाएं-लड़कियां अपने साथी या करीबी रिश्तेदार के हाथों मौत का शिकार हुई हैं - यानी हर 10 मिनट में, एक महिला की मौत। महिला सशक्तिकरण के लिए यूएन संस्था और मादक पदार्थों एवं अपराध पर यूएन कार्यालय (वठडञ्ळ) की सोमवार को एक जारी एक रिपोर्ट में यह भयावह वैश्विक वास्तविकता सामने आई है।

महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर जारी इस रिपोर्ट में, ह्यफेमिसाइड यानी लैंगिक कारणों से महिलाओं व लड़कियों को जान से मार दिए जाने के वैश्विक संकट पर प्रकाश डालते हुए, तत्काल कार्रवाई का आह्वान किया गया है।

यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इस अवसर पर कहा है, महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा की महामारी, मानवता को शर्मसार करती है।

दुनिया को इस आह्वान पर ध्यान देना होगा। हमें न्याय और जवाबदेही के लिए तत्काल कार्रवाई और मुद्दे की पैरोकारी करने के लिए समर्थन की आवश्यकता है।

यह रिपोर्ट, 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलने वाले, 16 दिनों के वार्षिक सक्रियता अभियान के शुरू में जारी की गई है। इस वर्ष, महिलाओं के खिलाफ हिंसा में चिंताजनक वृद्धि की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए वठक्ळए अभियान की थीम है, हर 10 मिनट में एक महिला की हत्या होती है। कोईबहानानहीं। महिलाओं के खिलाफ हिंसा खत्म करने के लिए एकजुट हों।

### क्षेत्रीय असमानताएं, सार्वभौमिक मुद्दा

ह्यफेमिसाइड यानी लैंगिक वजहों से महिलाओं व लड़कियों को जान से मार दिए जाने की घटनाएं, सीमाओं, सामाजिक आर्थिक स्थितियों और संस्कृतियों से परे है। हालांकि, विभिन्न क्षेत्रों के अनुरूप, इसकी गंभीरता में अंतर हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, अफ्रीका में अंतरंग साथी हिंसा और पारिवारिक कारणों से संबंधित महिलाओं की हत्या की सबसे अधिक दर दर्ज की गई। यहां 2023 में 21 हजार 700 महिलाओं की हत्या हुई।

# मध्य प्रदेश में अपार संभावनाएं, ब्रिटेन में सीएम मोहन यादव, ब्रिटिश कारोबारी बोले- भविष्य भारत का



**लंदन ।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव 24 से 30 नवबर तक ब्रिटेन और जर्मनी की एक सप्ताह की यात्रा पर है। वह राज्य में निवेश के अवसरों को बढ़ाने के लिए यूरोपीय देशों की यात्रा कर रहे हैं। वह 24 नवंबर को लंदन पहुंचे। वहां भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी और प्रवासी भारतीयों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उसके बाद सोमवार को सीएम ने लंदन में पार्लियामेंट स्क्वायर गार्डन में महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की।

वहीं, उन्होंने ब्रिटेन के व्यापारियों के साथ बातचीत की। इस दौरान मध्य प्रदेश की क्षमताओं पर प्रकाश डाला। वहीं, इस मुलाकात के बाद कारोबारी भारत की तारीफ किए बिना खुद को नहीं रोक पाए। उन्होंने कहा कि आने वाला समय भारत का है।

उन्होंने बापू को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद कहा, 'आज हमने यहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान गांधी जी ने एक ऐसा अनोखा कारनामा दिखाया जिस पर पूरे देश को गर्व है।

उन्होंने अहिंसा के माध्यम से दुनिया के सबसे शक्तिशाली साम्राज्य को हराया, जिसने देश की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हम उन्हें बड़ी विनम्रता के साथ याद करते हैं। मैं यह भी प्रार्थना करता हूं कि भगवान देश और राज्य को उनके द्वारा दिखाए गए अहिंसा के मार्ग पर आगे बढ़ने में सक्षम बनाएं।'

उन्होंने देश और दुनिया भर से बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करने के लिए मध्य प्रदेश की क्षमता पर जोर दिया। कहा, 'मध्य प्रदेश में पर्यटन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय तथा विश्व स्तर पर निवेशकों को आकर्षित करने की अपार क्षमता है। राज्य के विकास को सुनिश्चित करने और सार्वजनिक सुविधाओं के लिए एक मजबूत प्रणाली बनाने के लिए हमने जरूरी निवेश किया है। साथ ही हमें इसके लिए सक्रिय रूप से निवेशकों को आमंत्रित करना चाहिए।

# भारत में गांधी के विचार पूरी तरह साकार होने पर संदेह, क्लिंटन ने आंतरिक मतभेदों का किया जिक्र



**वॉशिंगटन ।** भारत में गांधी के विचारों के पूरी तरह साकार होने पर संदेह है। ये कहना है पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन का। उन्होंने देश में कथित आंतरिक मतभेदों का जिक्र करते हुए यह बात कही। 78 वर्षीय क्लिंटन ने अपनी नवीनतम पुस्तक ≈सिटीजनः माई लाइफ आफ्टर द व्हाइट हाउस में यह बात लिखी है। यह पुस्तक पिछले हफ्ते ही बुक स्टालों पर पहुंची है। उन्होंने यह भी कहा है कि आज भारत तेज विकास का आनंद ले रहा है और वह सबसे अधिक आबादी वाला देश भी बन गया है। उन्होंने 2001 के विनाशकारी भूकंप के बाद गुजरात की अपनी यात्रा का भी जिक्र किया है।

**भूकंप पीड़ितों के लिए लॉखों डॉलर एकत्र किए :** बिल क्लिंटन के मुताबिक भारत आने के बाद वे अहमदाबाद में एक अस्पताल और गांधी आश्रम भी गए थे और कुछ युवाओं से बातचीत की थी। अमेरिका में उन्होंने अपने कुछ भारतीय-अमेरिकी दोस्तों के साथ मिलकर अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन (एआईएफ) का गठन किया था और भूकंप पीड़ितों के लिए लॉखों डॉलर एकत्र किए थे।

### जब वाजपेयी से मिलकर मदद का इच्छा जताई

पुस्तक के एक अध्याय में उन्होंने लिखा है कि राष्ट्रपति पद से हटने के छह दिन बाद ही उन्होंने गुजरात के भूकंप पीड़ितों की मदद करने का मौका मिला।

# हिंसक हुआ इमरान की पार्टी का मार्च, छह सुरक्षाकर्मी मारे गए, सेना को मिला देखते ही गोली मारने का आदेश



**रैली को रोकने के दौरान शुरू हुई झड़पों में अब तक सुरक्षाबलों के छह जवानों की मौत हो चुकी है। बताया गया है कि इस हिंसा में 100 से ज्यादा जवान घायल भी हुए हैं। इन हालात के बीच पाकिस्तान सरकार ने अब इस्लामाबाद में सेना को तैनात कर दिया है और उसे उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने के आदेश भी दे दिए हैं**

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान में इमरान खान की पार्टी- पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थकों की तरफ से इस्लामाबाद के लिए जा रही रैली को रोकने के दौरान शुरू हुई झड़पों में अब तक सुरक्षाबलों के छह जवानों की मौत हो चुकी है। बताया गया है कि इस हिंसा में 100 से ज्यादा जवान घायल भी हुए हैं। इन हालात के बीच पाकिस्तान सरकार ने अब इस्लामाबाद में सेना को तैनात कर दिया है और उसे उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने के आदेश भी दे दिए हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सरकार पर चुराए गए जनादेश, लोगों की अन्यायपूर्ण गिरफ्तारी और 26वें संशोधन के पारित होने की निंदा करते हुए 24 नवंबर को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। इसी के मद्देनजर खान के समर्थक बड़ी संख्या में इस्लामाबाद तक मार्च निकालने के लिए एकत्रित हुए। हालांकि, पीटीआई समर्थकों को राजधानी में प्रवेश करने और धरना देने के प्रयास को विफल करने के लिए अधिकारियों के कड़े इंतजाम किए। पूर्व प्रधानमंत्री के समर्थक राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करने और कई महत्वपूर्ण सरकारी भवनों राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री कार्यालय, संसद और उच्चतम न्यायालय के नजदीक स्थित डी-चौक पर धरना देने जा रहे हैं।

इसके बावजूद इमरान खान की रिहाई की मांग के साथ निकाले जा रहे इस मार्च में सुरक्षाबलों की कड़ाई के बाद हिंसा भड़क उठी। बड़ी संख्या में अर्धसैनिक बल और पुलिस के जवानों के घायल होने के बाद अब इस्लामाबाद में सेना को सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# यूक्रेन के कीव पर रूस का बड़ा ड्रोन हमला

## मेयर का दावा- जगह-जगह धमाके सुनाई दे रहे



**कीव ।** रूस द्वारा यूक्रेन की राजधानी कीव पर बड़ा ड्रोन हमला करने की खबर सामने आई है। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने मंगलवार की सुबह टेलीग्राम चैनल पर इसकी जानकारी दी। कीव के मेयर ने बताया कि राजधानी कीव पर यूएवी (मानव रहित हवाई वाहन) से हमला जारी है। कई स्थानों पर धमाके की आवाज सुनाई दी है। कीव की वायु रक्षा प्रणाली ने कई ड्रोन्स को हवा में ही तबाह कर दिया है।

### रूसी हमले में 23 लोग घायल

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कीव पर हुए ड्रोन्स हमले में 23 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 14 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। इससे पहले खार्कीव में हुए ड्रोन हमले में भी 10 लोग घायल हुए थे। रूस का यह हमला ऐसे वक्त हुआ है, जब हाल ही में यूक्रेन ने रूस पर लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों से हमला किया था। इसके बाद हाल ही में रूस ने यूक्रेन पर 73 ड्रोन्स दागे थे। ये हमले यूक्रेन के कुर्स्क क्षेत्र पर हुए।

रूस ने यूक्रेन की तरफ से दागी गईं आठ बैलेस्टिक मिसाइलों को भी तबाह करने का दावा किया है। हालांकि रूस ने इस संबंध में ज्यादा जानकारी नहीं दी है।

रूस के यूक्रेन के शहर ओडेसा पर हुए हमले में भी 11 लोगों के घायल होने की खबर है। वहीं ब्रिटेन की सरकार ने रूस के टैंकों की शैडो फ्लीट पर कड़े प्रतिबंध लगाने का एलान किया है। रूस की यह फ्लीट तेल निर्यात से जुड़ी है। ब्रिटेन की यह कोशिश रूस को आर्थिक तौर पर कमजोर करने की है।

# वैश्विक सभ्यताओं का गठबंधन क्या है यह इस समय क्यों महत्वपूर्ण हो गया है



**नई दिल्ली ।** गाजा, लेबनान, सूडान, यूक्रेन और अन्य इलाकों में, भुखमरी और अकाल की चेतावनियों के बीच भीषण युद्ध जारी हैं, और ऑनलाइन व ऑफलाइन नफरत, यहूदीवाद-विरोध, मुस्लिम-विरोधी कट्टरता में भयावह वृद्धि हुई है। दुनिया भर में समुदायों के बीच बढ़ती खाई को पाटने के प्रयासों के तहत, 25 से 27 नवंबर तक, संयुक्त राष्ट्र वैश्विक सभ्यताओं के गठबंधन का 10वां वैश्विक मंच आयोजित किया जा रहा है। लेकिन, यह असल में है क्या और इस समय यह वैश्विक मंच इतना महत्वपूर्ण क्यों हो गया है?

इस बारे में कुछ जानकारी यहां दी जा रही हैमानवता के लिए गठबंधन यूएन वैश्विक सभ्यताओं के गठबंधन का बरसों से यही सिद्धांत रहा हैः अनगिनत संस्कृतियां, एक मानवता। इस सिद्धांत के आधार पर, सांस्कृतिक विविधता, धार्मिक बहुलवाद व पारस्परिक सम्मान को अपनाने व प्रोत्साहन देने के लिए, तत्कालीन यूएन महासचिव, कोफी अन्नान ने 2005 में इसकी आधारशिला रखी थी।

वैश्विक सभ्यताओं का गठबंधन लगभग दो दशकों से, इस सिद्धांत पर पूर्ण रूप से अमल करता रहा है। इस गठबंधन से इस्राइली और फलस्तीनी संगीतकारों का एक समूह जुड़ा है, जो शरणार्थियों को निशाना बनाती नफरत से निपटने के लिए करने के लिए संगोष्ठियों का आयोजन करते हैं, और दुनियाभर में अंतर-धार्मिक संवादों में शामिल होने जैसी गतिविधियों में भाग लेते हैं।

इसके तहत, विश्वभर में व्याप्त, विभाजन को पाटने, मतभेदों को दूर करने तथा स्थानीय व वैश्विक स्तर पर कूटनीति के जरिए, अधिक शान्तिपूर्ण, समावेशी भविष्य को आकार देने में मदद की जाती है। यही वो मूल्य हैं, जो सितंबर में न्यूयॉर्क में आयोजित भविष्य के शिखर सम्मेलन में अपनाए गए, भविष्य के लिए समझौते का भी हिस्सा बने हैं, और सतत विकास के 2030 एजेंडा के 17 लक्ष्यों में निहित हैं।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस का कहना है, यह गठबंधन केवल 'अच्छा महसूस करने के लिए' की गई एक पहल भर नहीं है। हम शांति, सुरक्षा, सतत विकास और जैसे विश्व का जो निर्माण करना चाहते है।

# अमेरिकी राष्ट्रपति थैंक्सगिविंग के दिन माफी क्यों देते हैं ,जानिए क्या है इसका इतिहास

**वॉशिगटन।** अमेरिका में थैंक्सगिविंग उत्सव के समय व्हाइट हाउस में टर्की पक्षियों को माफी देने की परंपरा रही है। दरअसल थैंक्सगिविंग से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति भवन व्हाइट हाउस में वार्षिक माफी दिवस का आयोजन किया जाता है, जहां परंपरा के अनुसार, टर्की पक्षियों को माफी दी जाती है। इस साल अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने दो टर्की पक्षियों पीच और ब्लॉसम को माफी दी। यह बतौर भी बाइडन के पास में बैठे हुए थे। ये दोनों टर्की मिनेसोटा के एक फार्म से लाए गए थे।

इस फार्म के मालिक जॉन जिमरमैन, नेशनल टर्की फेडरेशन के अध्यक्ष भी है। नेशनल टर्की फेडरेशन ही हर साल राष्ट्रीय माफी दिवस पर व्हाइट हाउस में टर्की भेजती रही है। क्या है इसका इतिहास अमेरिका में हर साल नवंबर के चौथे गुरुवार को थैंक्सगिविंग दिवस का त्योहार मनाया जाता है। इस दौरान



राष्ट्रपति जो बाइडन का आखिरी माफी दिवस था क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति चुनाव जीत चुके हैं और जनवरी में वह राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे।

जो बाइडन ने इस दौरान कहा कि 'यह छुट्टियों के सीजन की शुरूआत है। ये आखिरी बार है कि मैं यहां आखिरी बार बोल रहा हूं। यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है और मैं इसके लिए हमेशा शुक्रगुजार रहूंगा।' जिस समय बाइडन भाषण दे रहे थे, उस दौरान, जिन्हें माफी दी गई, वे दोनों टर्की पक्षी लोग अपने परिजनों के साथ खाना खाते हैं और मिलते जुलते हैं। थैंक्सगिविंग के मौके पर अधिकतर लोग टर्की पक्षी के मांस से बनी डिश खाते हैं। अमेरिका में 18वीं सदी से ही राष्ट्रीय माफी दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्वारा टर्की पक्षियों को माफी देने की परंपरा रही है।

परंपरा के अनुसार, अमेरिका में जब गृहयुद्ध का दौर था तो एक बार तत्कालीन राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन के बेटे टैड ने एक जैक नाम के टर्की पक्षी को माफ करने की अपील की थी।

# हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो, बांग्लादेश में चिन्मय दास की गिरफ्तारी पर भारत ने जताई चिंता



**ढाका ।** बांग्लादेश की एक कोर्ट ने हिंदू संगठन 'सम्मिलित सनातनी जोत' के नेता चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की जमानत याचिका खारिज करते हुए उन्हें जेल भेजने का आदेश दिया। इसस पहले बांग्लादेश पर हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन करने पर इस्कॉन के चिन्मय कृष्ण दास प्रभु पर कार्रवाई की गई थी। उनको देशद्रोह और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में बांग्लादेश पुलिस ने ढाका एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया था। इसके खिलाफ हिंदू समुदाय के लोग ढाका की सड़कों पर उतर पड़े थे और जाम लगा दिया था। कई जगह से हिंसा की खबरें भी आई थीं।

इस पर अब भारत ने प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, हमने बांग्लादेश 'सम्मिलित सनातनी जोत' के प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी और जमानत न दिए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। यह घटना बांग्लादेश में चरमपंथी तत्वों द्वारा हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर कई हमलों के बाद हुई है। हम बांग्लादेश के अधिकारियों से हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह करते हैं, जिसमें शांतिपूर्ण सभा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उनका अधिकार भी शामिल है।

### देशद्रोह का मुकदमा हो चुका दर्ज


इससे पहले 30 अक्तूबर को बांग्लादेश में राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के आरोप में देशद्रोह अधिनियम के तहत चिन्मय कृष्ण दास प्रभु समेत 19 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है। आरोप है कि 25 अक्तूबर को चटगांव के लालदीघी मैदान में सनातन जागरण मंच ने आठ सूत्री मांगों को लेकर एक रैली की थी। इस दौरान एक चौक पर स्थित आजादी स्तंभ पर कुछ लोगों ने भगवा ध्वज फहराया था। इस ध्वज पर आमी सनातनी लिखा हुआ था। इसे लेकर चिन्मय कृष्ण दास पर राष्ट्रीय झंडे की अवमानना व अपमान करने का आरोप लगाया गया है।

### शेख हसीना की सरकार जाने के बाद से बढ़े हमले

बीते अगस्त में एक छात्र आंदोलन के चलते शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतत्व में एक कार्यवाहक सरकार बांग्लादेश में प्रशासन कर रही है, लेकिन शेख हसीना की सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद से बांग्लादेश में हिदुओं और अन्य अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों पर हमले की घटनाएं बढ़ी हैं, जिनके खिलाफ अल्पसंख्यक वर्ग द्वारा कई बार विरोध प्रदर्शन किए गए हैं।

# ट्रंप ने बढ़ाई कनाडा और चीन की परेशानी

**वॉशिगटन ।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एलान किया है कि वे कनाडा, मैक्सिको से आने वाले सभी उत्पादों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाएंगे। ट्रंप ने यह एलान अमेरिका में अवैध अप्रवासियों की लगातार बढ़ती आमद से नाराज होकर किया है। साथ ही ट्रंप



ने देश में अवैध रूप से आ रही ड्रग्स के लिए चीन को जिम्मेदार ठहराया है और चीन पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कही है। कनाडा और मैक्सिको चाहें तो एक दिन में रोक सकते हैं अवैध अप्रवासन ट्रंप ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच ट्रुथ पर साझा कई पोस्ट में कहा कि 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के साथ ही वे सबसे पहला काम कनाडा, चीन और मैक्सिको से आने वाले सामान पर टैरिफ लगाने का ही करेंगे।

**गाजियाबाद नगर निगम**
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांक–040/निर्माण/2024–25 दिनांक– 26.11.2024

**ई–टेण्डर निविदा सूचना**

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा विभिन्न निर्माण कार्य हेतु अति अल्पकालीन ई–निविदाऐं आमत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई–प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** से प्राप्त किया जा सकता है, जिन्हे दिनांक 04.12.2024 को अपरान्हः 03:00 बजे तक वेबसाईड से डाउनलोड कर अपलोड करना आवश्यक होगा। प्राप्त निविदाओं को 04.12.2024 को सायं 04:00 बजे से खोला जायेगा। प्रत्येक निविदा हेतु उसके सम्मुख अंकित 03 प्रतिशत की धरोहर धनराशि एवं निविदा शुल्क (नॉन रिफन्डेबिल) वेबसाईट **https://etender.up.nic.in** पर जमा करना अनिवार्य होगा।

ऐसे निविदादाता/फर्म जो नगर निगम गाजियाबाद में पंजीकृत नही है, के लिए शासनादेश संख्या–3890/नौ–5–19–149सा/2019 दिनांक 20.09.2019 के आलोक में निविदादाता को चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, समान कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र तथा जी.एस.टी. नम्बर वेबसाइट पर आपलोड करना आवश्यक होगा।

विस्तृत निविदा सूचना/नियम व शर्ते **http://etender.up.nic.in** पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियन्ता
गाजियाबाद नगर निगम

# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में मनाया संविधान दिवस

## हर प्राणी को समभाव, न्याय, स्वतंत्रता और समता दिलाता है संविधान : इन्द्र विक्रम सिंह

### संविधान की उद्देशिका को अंगीकृत और आत्मार्पित करते हैं तो समझ लीजिए की हमने पूर्ण संविधान अंगीकृत कर लिया : डीएम





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महात्मा गांधी सभागार में शासनादेश के क्रम में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान संविधान दिवस 26 नवम्बर 2024 के अवसर पर संविधान की उद्देशिका पाठन कार्यक्रम लोक भवन सभागार, लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, जिसका लाइव प्रसारण कार्यक्रम जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार, गाजियाबाद में देखा गया। लाइव प्रसारण के उपरान्त जिलाधिकारी सहित कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा डॉ.भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। इसके बाद जिलाधिकारी द्वारा संविधान की उद्देशिका पाठन किया गया जिसमें उन्होने कहा कि "हम, भारत के लोग, भारत को एक (सम्पूर्ण प्रभुत्व- सम्पन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य) बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को : सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठि और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और (राष्ट्र की एकता और अखण्डता) सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्गशीर्ष शुक्ला सप्तमी, संवत दो हजार छह विक्रमी) को एतद्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।" इसके उपरान्त जिलाधिकारी द्वारा सभी गणमान्यों को शपथ दिलाई गयी, जिसमें शपथ ली कि "हम सत्य निष्ठा से प्रतिज्ञान करते हैं कि भारत के संविधान में दिए गए मूल कर्तव्यों का पालन करेंगे। संवैधानिक आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज व राष्ट्रीय प्रतीकों का आदर करेंगे। देश की संप्रभुता अखण्डता की रक्षा करेंगे। महिलाओं का सम्मान करेंगे। हिंसा से दूर रहकर बंधुता बढ़ाएंगे। सामाजिक संस्कृति का संवर्द्धन व पर्यावरण का संरक्षण करेंगे। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करेंगे। सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करेंगे। व्यक्तिगत व सामूहिक गतिविधि में उत्कृष्टता बढ़ाएंगे। सबको शिक्षा के अवसर प्रदान करेंगे एवं स्वतंत्रता आन्दोलन के आदर्शों को बढ़ावा देंगे।" कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एडीएम ई रणविजय सिंह ने संविधान को बनाने के समय पर प्रकाश डालते हुए अनेक जानकारी दी कि किस प्रकार व कितनी गम्भीर परिस्थितयां होने पर भी डॉ.भीमराव अम्बेडकर की अध्यक्षता व समिति के सदस्यों द्वारा श्रेष्ठ, स्वतंत्र, निष्पक्ष संविधान को बनाने का कार्य किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.संतोष कुमार उपाध्याय, एआईजी स्टाम्प पुष्पेन्द्र, एसडीएम चन्द्रेश, जिला पूर्ति अधिकारी अमित कुमार सहित सभी अधिकारी/कर्मचारी और सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

#### हमें भारत के संविधान पर गर्व है और सभी को गर्व होना चाहिए : जिलाधिकारी

**करंट क्राइम।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि हमें भारत के संविधान पर गर्व है और सभी को गर्व होना भी चाहिए। संविधान की उद्देशिका, भारत के संविधान की आत्मा है। इसके शब्दों में पूर्ण संविधान का सार है। यदि हम संविधान की उद्देशिका को अंगीकृत और आत्मार्पित करते हैं तो समझ लीजिए की हमने पूर्ण संविधान को ही अंगीकृत कर लिया है। जिलाधिकारी द्वारा संविधान की उद्देशिका के प्रत्येक शब्द का विस्तार से वर्णन करते हुए बहुत ही बारिकी और गम्भीरता से समझाया गया। उन्होंने कहा कि संविधान हर प्राणी के लिए समभाव रखता है। सभी को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय दिलाता है। सभी को अपने विचारों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देता है। सभी को अवसर और प्रतिष्ठा की समता देता है। जिलाधिकारी ने कहा कि हमें अपने संविधान पर गर्व है और मैं आप सभी को संविधान दिवस की हार्दिक बधाई देता है।

# गाजियाबाद नगर निगम ने मनाया संविधान दिवस

## अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी निष्ठा से हो पालन : महापौर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय के साथ-साथ सभी नगर निगम के विद्यालयों में भी संविधान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया।

महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता में गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में महापुरुषों तथा शहीदों को याद करते हुए हर्ष उल्लास के साथ संविधान दिवस मनाया गया। महापौर द्वारा सभी उपस्थित जनों को शुभकामनाएं दी गईं, कर्मचारियों अधिकारियों तथा माननीय पार्षदों द्वारा भी कार्यक्रम में उपस्थित होकर संविधान दिवस के अवसर पर शपथ भी ली। अपर नगर आयुक्त अवनिंद्र कुमार द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत हर्ष उल्लास से संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजित किए गए स्कूलों में भी संविधान दिवस मनाया गया। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

महापौर सुनीता दयाल ने मुख्यालय में उपस्थित लोगों को दी शुभकामनाएं इस अवसर पर महापौर सुनीता दयाल द्वारा गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में उपस्थित होकर सभी को शुभकामनाएं दीं। संविधान सभा का आयोजन किया। अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों पर भी विशेष ध्यान रखा जाए सभी को मोटिवेट भी किया गया। मौके पर पार्षदों सहित निगम अधिकारी भी उपस्थित रहे। विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में प्रधानाचार्य तथा अध्यापिकाओं द्वारा भी हर्ष उल्लास से अपने कर्तव्यों का पालन करने की शपथ ली तथा जन-जन को मोटिवेट करते हुए यात्रा भी निकल गई। महापुरुषों की प्रतिमाओं पर फूल माला भी अर्पित की गई। 26 नवंबर, 1949 को संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान को अंगीकृत किया गया। 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया 75 वर्ष पूर्ण होने पर संविधान समारोह हर्ष उल्लास से मनाया गया।

# भारतीय संविधान दिवस पर कांग्रेस ने किया गोष्ठी का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर मंगलवार को भारतीय संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम बाबा भीमराव अंबेडकर भारत रत्न एवं संविधान के रचयिता की प्रतिमा पर फूलमाला पहनकर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने संविधान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आज के दिन ही भारत के संविधान को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने संविधान सभा को सौंपा था। गोष्ठी की अध्यक्षता पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता बाबूराम शर्मा, नरेंद्र चौहान, त्रिलोक सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सोनम नगर, पवन शर्मा, बलराज चड्ढा, सिराजुद्दीन राम शर्मा, विनीत अजमानी, नरेंद्र गुप्ता, अमित शर्मा, अमित यादव, कपिल यादव, रेखा मकवाना, माया देवी आदि लोग उपस्थित थे।

# लोनी में गरीब बेटियों के लिए वरदान साबित हो रही है मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

## विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने नवविवाहित 30 जोड़ों को दिया आशीर्वाद





**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी के खण्ड विकास कार्यालय में मंगलवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वैवाहिक बंधन में बंधे 30 नव जोड़ों को लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने आशीर्वाद देते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्र, नगरपालिका अधिशासी अधिकारी कृष्ण कांत मिश्र, बीडीओ विनी यादव, एडीओ समाज कल्याण राकेश व अन्य उपस्थित रहे। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने विवाह योजना को वरदान बताया।

विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने नवविवाहित जोड़ों को वितरित किये प्रमाणपत्र, कहा बेटियों के साथ है प्रदेश सरकार : लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा है कि प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास के मूलमंत्र पर चलते हुए प्रदेश भर में बेटियों के विवाह के लिए मदद कर रही है। आज आर्थिक रूप से कमजोर परिजनों के माथे की चिंता प्रदेश सरकार ने खत्म की है। योजना के तहत मिलने वाली राशि को भी हाल ही में प्रदेश सरकार ने बढ़ाया है जो बेटियों के लिए वरदान साबित हो रही है। साथ ही विधायक नंद किशोर गुर्जर ने सामाजिक संस्थाओं से आह्वान करते हुए कहा कि सक्षम लोग एवं संगठन भी इस योजना में अपना अतिरिक्त योगदान देकर एक सुंदर एवं सम्पन्न उत्तर प्रदेश बनाने के सपने को साकार करने के लिए आगे आएं।

### महिला कांग्रेस कमेटी ने मनाया संविधान दिवस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महिला कांग्रेस कमेटी जिला गाजियाबाद द्वारा मंगलवार को भारत का 75वां संविधान दिवस मनाया गया जिसकी अध्यक्षता महिला जिला अध्यक्ष सोनल नागर ने की। महिला कांग्रेस की दर्जनों महिलाओं के साथ पूर्व पार्षद माया देवी कशिश, गुर्जर कामाक्षी, पूनम चौधरी, रेखा पाल, अंकुर चौधरी उपस्थित रहीं। महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सोनल नागर वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज की उपस्थिति में पूनम चौधरी साहिबाबाद और अंकुर चौधरी गोविंदपुरम ने महिला कांग्रेस ज्वाइन की।



### डा. मीनाक्षी भराला निरीक्षण भवन में करेंगी जनसुनवाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ की सदस्या डा. मीनाक्षी भराला के गाजियाबाद भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार 27 नवंबर 2024 को प्रातः 11.00 बजे गाजियाबाद पहुंचेंगी। लोक निर्माण विभाग, गाजियाबाद के निरीक्षण भवन में परिचय बैठक एवं महिला जनसुनवाई करेंगी। उक्त जनसुनबाई कार्यक्रम में इच्छुक महिलाएं अपनी शिकायत / समस्या के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र सहित उपस्थित होकर सदस्या राज्य महिला आयोग से सम्पर्क कर सकती हैं। सदस्या द्वारा उनकी शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया जायेगा।



### औपचारिक भेंट



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नोएडा विधायक पंकज सिंह से पार्षद रवि भाटी ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर औपचारिक भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ में कैप्टन राजेंद्र गौड़, प्रेमपाल भाटी, पवन, सुरेश तिवारी, विजय,दीपक मिश्रा इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

### चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** सोशली हर फोटो को डालने का प्रतीक बन चुके माथुर साहब को रखना होगा अपनी भावनाओं को पूरी पहलवानी से होल्ड? अगर उन्होंने कुछ ज्यादा तेजी दिखाई तो रेस्लर हो सकते हैं बोल्ड? कहने वाले ने कहा भगवागढ़ में हो जाता है उसके सबसे पहले इंतजाम? जिसका समर्थक अति उत्साहित होकर चला देते हैं नाम? कहने वाले ने कहा मिस्टर माथुर को शायद खबर नहीं है? उनका अति उत्साह उनके अति प्रिय नेता का बांध रहा है इंतजाम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** लाईन पार के इधर का कार्यकर्ता लाईन पार को पार करके गया दूसरे विधायक के पास? यहां पर इस कार्यकर्ता से हुई विधायक जी के प्रिय की खास मुलाकात? इस कार्यकर्ता ने रखी विधायक जी के नजदीकी से अपने लिए कोई बात? कहा इस सम्बन्ध में मेरी मदद कर सकते हैं आप? हमने देखा इन शब्दों को सुनकर विधायक के खास ने कार्यकर्ता को कराया एहसास? कहा हम नहीं कर पायेंगे आपका काम साहब? आज तो आप आ गये हो कोई बात नहीं? आगे से इन गलियों में मत रखना कदम आज के बाद?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पूरी सुशीलता से भगवागढ़ के गौतम के चेहरे पर बनी रहती है मुस्कान? वो इस मुस्कान के साथ किसी को खबर लगे बगैर करते रहते हैं अपना भी काम? सुना है उनके दिल में जगे हुए हैं अध्यक्ष बनने के अरमान? कार्यकारी वाली व्यवस्था से ही वो खुश होना चाहते हैं श्रीमान? हाल ही में डाला था उन्होंने इस मामले में लखनऊ में डेरा? पहुंच गये कार्यकारी अध्यक्ष बनने के जज्बातों को लेकर नेताओं के यहां, जब ठीक से नहीं निकला था सवेरा? सुना है गौतम भैया का दिल अध्यक्ष बनने के लिए ओले-ओले है कह रहा?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के भगवा मैम्बर पूरे धीरज से करते हैं काम? सुना है हाल ही में उन्होंने अपनी सक्रिय सदस्यता को दिया है अंजाम? लेकर चेहरे पर स्माईल, वो अपनी कमिश्नरी के महामंत्री को देना चाहते थे सदस्यता की फाईल? महामंत्री ने उनको फाईल जमा करने के लिए अपने घर का दिया न्यौता? सुना है मौहल्ले में बुलाकर सोसाईटी के गार्ड से रिसीव करा ली फाईल, बताओ ऐसा भी है कहीं होता? घर पर नहीं थे मौजूद फिर भी मैम्बर को क्यों भेजा उन्होंने घर पर आने का पैगाम? सुना है जब पार्षद जी उनके गेट पर खड़े थे? तब वो किसी और के यहां पर सुन रहे थे प्रदेश वाले चौधरी साहब के साथ मन की बात का प्रोग्राम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अल्फा-चार्ली-डेल्टा, जब भी नदिया पार के चौधरी मैम्बर देखते हैं किसी ठेकेदार को तो उनका दिल अपने अरमानों को पूरा करने के लिए है बहुत ज्यादा फैलता? हमने देखा उनकी कॉलोनी में कुछ मजदूर कर रहे थे काम? इन मजदूरों पर मैम्बर साहब का गया ध्यान? उन्होंने मजदूरों से कहा, ठेकेदार तक पहुंचा देना हमारा पैगाम? जब वो हमसे आकर मिल लेंगे, तभी होगा काम? ना जाने काम के नाम पर मैम्बर साहब बांधना चाह रहे थे कौन सा इंतजाम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा कमांडर ने भारी भरकम वोटों से विधायक बन कर लिया है अपने प्रशंसको का दिल जीत? विरोधी हो या अपना, अगर वो दे रहा है उनको बुलावा, तो वो दे रहे हैं वो दर्शन सटीक? मगर इन दर्शनों में वो टाईम मैनेजमेंट का दे रहे हैं पूरा ध्यान? कहां ज्यादा रूकना है और कहां कम रूकना है, उनके इस तरीके की चर्चा सुनाई दे रही है श्रीमान? कवि सम्मेलन के बाद उन्होंने भगवा झा के यहां भी दिया कुछ ऐसा ही संदेश? कब आये और कब चले गये, कई चेहरे ठीक से देख भी नहीं पाये उनका फेस? आने से ज्यादा थी उनके जाने की स्पीड? अब ये हमारी गलतफहमी है या है कुछ इसमें बात ठीक?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवागढ़ के महानमंत्री बैठे थे गोयल साहब के साथ? वो बैठे-बैठे टटोल रहे थे गोयल साहब के जज्बात? उन्होंने दूर करना चाहा अपनी जिज्ञासा का समाधान? गोयल साहब से कहा कि आप बताओगे कि कृपया आप क्या मांग रहे हो श्रीमान? हमने देखा गोयल साहब रहे इस सवाल पर खामोश? मगर आशीष प्राप्त युवा चौधरी ने तुरंत दिया इस जवाब पर रिएक्ट? कहा महामंत्री जी जो आप मांग रहे हो, वही ये मांग रहे है? यही है असली फैक्ट?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवागढ़ के महानमंत्री का अध्यक्ष पद की दावेदारी को लेकर चल रहा है मजबूत से नाम? सुना है ये महानमंत्री दे रहे हैं कुछ अलग ही पैगाम? कह रहे हैं हम आपको एक बात करना चाहते हैं क्लीयर? अध्यक्ष पद की दावेदारी में वैश्य या ब्राह्मण में से किसी एक चेहरे का नाम फाईनल होना है डीयर? इसके अलावा जो भी कुछ है, वो सब है मोह माया? सपने देखने में कोई हर्ज नहीं, आखिर अपनों को आने से कौन है रोक पाया?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार वाले हिमांशु भैया के सर पर है मैम्बर का ताज? वो हैं बहुत ही ताकतवर नेता मगर भगवागढ़ की राजनीति में आने के बाद वो फूंक-फूंक कर पी रहे हैं छाछ? हमने देखा भगवा झा के बर्थडे में मौजूद होने के बावजूद वो फोटो सेशन से बनाकर चल रहे थे दूरी? शायद भगवा कमांडर को इम्प्रेस करने के लिए वो कर रहे थे ये सभी प्रयास? शायद दिल में उनके यही चल रहा था, खिंच गया अगर किसी के साथ मेरा फोटो? तो दोनों दोस्तों में से कोई दोस्त हो ना जाये नाराज?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कभी कभी रेड फेस मैन मिस्टर यादव करते हैं मजाक? कभी-कभी बात कह जाते हैं वो गहरी? कहते हैं यहां तो कदमों की आहट से सामने वाले तय कर लेते हैं किरदार? वो, वो सोच लेते हैं जैसा होता नहीं है विचार? उन्होंने कहा मैं कचहरी जाता हूं तो वो सोचते हैं मैं बनने वाला हूं सरकारी वकील? मैं निगम जाता हूं तो वो मुझमें लेते हैं नामित पार्षद वाली फील? मैं जब खोलता हूं जीडीए के अधिकारी का जाकर चैम्बर? तब समझने वाले समझते हैं मैं बनने वाला हूं बोर्ड मैम्बर? आखिर कहां तलाशू मैं दूसरा ठिकाना? कार्यालय पर जाता हूं तो सोचते हैं इस बार पक्का है मेरा अध्यक्ष बन जाना?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

### दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वसुंधरा भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा ने अपनी मैरिज एनिवर्सरी की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। ईश्वर और सभी बड़ों के आशीर्वाद की कामना की ।यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।